अगहन मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 327 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 22 नवम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दु:खों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## जय श्रीराम का नारा जोर से लगाते हैं, पर उनके जैसा बनना भी चाहिए : मोहन भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हम भगवान जय श्रीराम का जोर से नारा लगाते हैं, लेकिन उनके जैसा हमें बनना भी चाहिए। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा, 'हम बहुत जोर से जय श्री राम का नारा लगाते हैं और लगाना भी चाहिए। लेकिन हमें उनके जैसा बनना भी चाहिए। हम सोचते हैं कि वो तो भगवान थे। भरत जैसे भाई पर प्रेम करना तो भगवान ही कर सकते हैं, हम नहीं कर सकते। ऐसी सोच सामान्य आदमी की रहती है। इसलिए वे उस राह पर नहीं चल पाते।' उन्होंने कहा कि अपना स्वार्थ छोड़कर लोगों की भलाई करने का काम कठिन होता है। मोहन भागवत ने कहा कि परहित पर चलने की राह बताने वाले महापुरुषों की बड़ी संख्या हमारे यहां है। दुनिया में जितने महापुरुष अब तक हुए होंगे, उससे ज्यादा तो हमारे यहां 200 सालों में ही हुए हैं। उन्होंने हमें राह दिखाई है कि स्वार्थ को छोड़कर कैसे काम किया जा सकता है, लेकिन उन्होंने यह भी दिखाया कि कितने कांटे इस मार्ग में है। इसलिए हम उस राह पर नहीं जा पाते।

# नहीं पिघले किसान, आज लखनऊ में होगी महापंचायत

## 26 नवंबर को बॉर्डरों पर करेंगे प्रदर्शन



**नईदिल्ली।** दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसानों का आंदोलन फिलहाल खत्म होने वाला नहीं है। रविवार को दिल्ली-हरियाणा की सीमा पर स्थित सिंघु बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग हुई है, जिसमें आंदोलन को फिलहाल जारी रखने पर सहमति बनी है। यही नहीं 22 नवंबर को लखनऊ में किसानों की महापंचायत करने का फैसला लिया गया है। किसान संगठनों का कहना है कि एक तरफ लखनऊ में महापंचायत होगी तो वहीं आंदोलन के एक साल पूरा होने के मौके पर 26 नवंबर को दिल्ली की सीमाओं पर किसान जुटेंगे। इस मौके पर किसानों की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों के दूसरे मुद्दों पर बात की जाएगी। इस पत्र में किसानों के मुद्दों पर बातचीत की अपील की जाएगी। किसान आंदोलन जारी रहेगा या फिर समाप्त हो जाएगा, इसे लेकर फैसला अब 27 नवंबर को होने वाली बैठक में लिया जाएगा। बता दें कि किसान नेता राकेश टिकैत ने भी पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से तीन नए कृषि कानूनों की वापसी के ऐलान के बाद कहा था कि आंदोलन तत्काल समाप्त नहीं होगा। राकेश टिकैत ने कहा था कि अभी हमारी एमएसपी कानून बनाने और बिजली कानून को वापस लिए जाने की मांग बाकी है।सिंघु बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक खत्म हो चुकी है। मीटिंग के बाद सिंघू सीमा पर किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा, हमले कृषि कानूनों के वापस लिए जाने पर चर्चा की। इसके बाद कुछ फैसले लिए गए हैं. एसकेएस के पहले से तय कार्यक्रम यथावत जारी रहेंगे- 22 तारीख को लखनऊ में किसान पंचायत होगी, 26 तारीख को सभी सीमाओं पर सभा और 29 नवंबर को संसद तक मार्च निकाला जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा, ₹आगे की रणनीति तय करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा 27 नवंबर को एक और बैठक करेगा। जिसमें तब तक की स्थिति के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

## राजस्थान में ऐसी होगी नई गहलोत सरकार

# 12 नए चेहरे और पायलट कैंप के 5 वफादार



**नई दिल्ली।** राजस्थान में आज कैबिनेट फेरबदल का दिन है। राजस्थान में आज यानी रविवार को होने वाले कैबिनेट विस्तार में 12 नए चेहरों को शामिल किया जाना है। इनमें सचिन पायलट कैंप के पांच चेहरे भी शामिल किए जाएंगे, जो उनके काफी करीबी माने जाते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान कैबिनेट के सभी 21 सदस्यों के इस्तीफा देने के बाद तीन कैबिनेट मंत्रियों- रघु शर्मा, हरीश चौधरी और गोविंद सिंह डोटासरा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राजस्थान में 'एक आदमी एक पद' फॉमूर्ला के तहत नया कैबिनेट विस्तार हो रहा है। रघु शर्मा जहां गुजरात के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी, हरीश चौधरी पंजाब के प्रभारी और डोटासरा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख हैं। अशोक गहलोत नीत कांग्रेस सरकार में कुल 30 मंत्री होंगे। इसमें पहले इस्तीफा दे चुके 18 मंत्री भी होंगे। सूत्रों के अनुसार, तीन राज्य मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल किया जा रहा है।

इस कैबिनेट विस्तार में जातीय समीकरणों को पूरा ध्यान में रखा गया है। सूत्रों ने कहा कि अनुसूचित जाति से आने वाले राज्य के तीन मंत्रियों को कैबिनेट रैंक में पदोन्नत किया गया है। नए कैबिनेट में ऐसा पहली बार होगा, जब राजस्थान के नए कैबिनेट में चार सदस्य अनुसूचित जाति समुदाय से होंगे। पंजाब में दलित मुख्यमंत्री नियुक्त करने के बाद कांग्रेस का यह अगला दांव है। इतना ही नहीं, अनुसूचित जनजाति से भी तीन मंत्री होंगे। इसके अलावा, इस कैबिनेट में तीन महिलाएं और एक मुस्लिम सदस्य होगा।

आज शाम को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में हेमाराम चौधरी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय , रामलाल जाट, महेश जोशी, विश्वेंद्र सिंह, रमेश मीना, ममता भूपेश बरवा, भजनलाल जाटव, टिकाराम जुली, गोविंद राम मेघवाल और शकुंतला रावत का नाम है। वहीं राज्य मंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में जाहिदा, बृजेंद्र सिंह ओला , राजेंद्र दुरहा और मुरली लाल मीना हैं। सूत्रों के हवाले से बताया कि सचिन पायलट खेमे के जिन लोगों को राजस्थान मंत्रिमंडल में में शामिल किया जाएगा, उनमें कैबिनेट मंत्री के तौर पर विश्वेंद्र सिंह, रमेश मीणा और हेमाराम चौधरी होंगे, वहीं राज्य मंत्री के तौर पर बृजेंद्र ओला और मुरारी मीणा होंगे। बता दें कि विश्वेंद्र सिंह और रमेश मीणा को पिछले साल राजनीतिक संकट के दौरान कैबिनेट मंत्री के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। अनुसूचित जाति के जिन तीन मंत्रियों को कैबिनेट रैंक में प्रमोशन मिलने वाला है, वे हैं भजनलाल जाटव, ममता भूपेश भैरवा और टीकाराम जूली। अन्य अनुसूचित जाति के सदस्य राम मेघवाल भी नए कैबिनेट में शामिल होंगे।

## झूठे जुमले झेल चुकी जनता पीएम की बात पर विश्वास करने को तैयार नहीं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि जो लोग अतीत में झूठी बयानबाजी झेल चुके हैं, वे कृषि कानूनों को निरस्त करने के प्रधानमंत्री के शब्दों पर विश्वास करने को तैयार नहीं हैं। बीते शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान के बाद मोदी सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि दूसरी ओर अभी भी किसानों ने अपना आंदोलन वापस नहीं लिया है। इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक ट्वीट में कहा, ₹झूठे जुमले झेल चुकी जनता पीएम की बातों पर विश्वास करने को तैयार नहीं हैं। किसान सत्याग्रह जारी है। बता दें कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर किसान पिछले एक साल से दिल्ली की सीमाओं पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान संघों ने कहा है कि जब तक संसद द्वारा तीन केंद्रीय कानूनों को निरस्त नहीं किया जाता है और एमएसपी की कानूनी गारंटी पर कानून नहीं लाया जाता है, तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

# दिल्ली-एनसीआर की हवा अब भी 'जहरीली'


## राजधानी में लागू प्रतिबंधों की समीक्षा के लिए कल होगी हाई लेवल मीटिंग



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता आज भी 'बेहद खराब' बनी हुई है। हालांकि, दिन में तेज हवाएं चलने से प्रदूषण के स्तर में कुछ कमी आने की संभावना है। राजधानी में रविवार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 रहा, जोकि शनिवार को 374 था। वहीं, फरीदाबाद में आज एक्यूआई (347), गाजियाबाद में (344), ग्रेटर नोएडा में (322), गुरुग्राम में (345) और नोएडा में एक्यूआई (356) रहा, जो 'बेहद खराब' की श्रेणी में आता है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय अत्यधिक प्रदूषण को काबू करने के लिए दिल्ली लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा के लिए सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों की एक हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। एक अधिकारी ने कहा कि बैठक रविवार को समाप्त होने वाले प्रतिबंधों की समीक्षा के लिए बुलाई गई है। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को काबू करने के लिए बुधवार को 10 निर्देश जारी किए थे, जिनके तहत शहर में अनावश्यक सामग्रियां लाने वाले ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था और अगले आदेश तक सभी स्कूलों और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वायु गुणवत्ता निगरानीकर्ता 'सफर' के अनुसार, 21 नवंबर से 23 नवंबर के बीच सतही हवाओं के मजबूत होने की उम्मीद है जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार आ सकता है। 'सफर' ने कहा कि इस अवधि में पश्चिमोत्तर दिशा से आने वाली हवाओं के मजूबत होने की संभावना है, जिससे दिल्ली में स्थानीय स्तर पर उत्सर्जित प्रदूषण साफ हो जाएगा और यह हवा के साथ दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में चला जाएगा और इससे वायु गुणवत्ता में सुधार के आसार हैं।

### दिल्ली के सभी स्कूल अगले आदेश तक बंद, सिर्फ ऑनलाइन क्लास रहेंगी जारी

## ऐलान होते ही एक्शन शुरू, बुधवार को कैबिनेट से मिलेगी कृषि कानूनों की वापसी से मंजूरी



**नई दिल्ली।** तीन नए कृषि कानूनों की वापसी का पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से ऐलान किए जाने के बाद अब इसकी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने वाली है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट में कानूनों की वापसी का प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद इसी महीने के अंत में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इन्हें वापसी के लिए रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु पर्व के अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रहित में कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया है कि संसद के आगामी सत्र शुरू होते ही कानून वापस ले लिए जायेंगे।मोदी ने आंदोलन कर रहे किसानों से आंदोलन खत्म कर घर जाने का आह्वन किया था। पिछले साल देश में तीन कृषि कानून आने के बाद से ही कई किसान संगठन इन कानूनों के खिलाफ दिल्ली सहित कई अलग-अलग स्थानों पर आंदोलन कर रहे हैं। किसान संगठनों द्वारा लगातार कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग की जा रही थी। कई बार किसान और सरकार के बीच मध्यस्थता को लेकर बातचीत भी हुयी लेकिन वह सफल नहीं हुई।

# वह तो भ्रष्टाचारी हैं... अशोक गहलोत की नई कैबिनेट गठन के बीच कांग्रेस में फिर छिड़ी रार




**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस की मुश्किलें फिलहाल खत्म होती नजर नहीं आ रही हैं। सचिन पायलट खेमे की नाराजगी को खत्म करने के लिए भले ही अशोक गहलोत सरकार की नई कैबिनेट का गठन किया जा रहा है, लेकिन शपथ के दिन ही रार शुरू हो गई है। अलवर के विधायक टीकाराम जूली को मंत्री बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए एक अन्य विधायक जौहरी लाल मीणा ने उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। मीणा ने खुले तौर पर जूली पर हमला बोलते हुए कहा, 'हमारे अलवर जिले में हर कोई जानता है कि टीकाराम जूली एक भ्रष्ट आदमी हैं। उनका परिवार कलेक्शन में शामिल रहा है। 'जौहरी लाल मीणा ने कहा कि मैंने पार्टी से उन्हें हटाने की मांग की थी, लेकिन इसकी बजाय उन्हें अब मंत्री बनाया जा रहा है। मैं इसके खिलाफ हूं। यही नहीं गहलोत कैबिनेट में शपथ लेने वाले टीकाराम जूली ने मीणा के आरोपों पर पलटवार किया है। जूली ने कहा, 'वह पार्टी के सीनियर नेता है। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन उनके आरोप पूरी तरह से आधारहीन हैं। उन्हें सबूतों के साथ सामने आना चाहिए। यदि उनके पास कोई सबूत है तो पेश करें अथवा अपने आरोपों को वापस लें।' यही नहीं महिला विधायक शाफिया जुबैर ने भी कैबिनेट गठन को लेकर सवाल उठाया है।

महिला विधायक ने कहा कि कैबिनेटा का ढांचा कुछ और बेहतर हो सकता था। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की खराब छवि है, उन्हें प्रमोट किया जा रहा है। कुल मिलाकर इस कैबिनेट के गठन से अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। महिलाओं की कमी के सवाल पर भी शाफिया ने उठाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रियंका गांधी महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने की बात कर रही हैं, लेकिन कैबिनेट में 33 फीसदी महिलाओं को भी आरक्षण नहीं मिल पाया है। इस बीच ऐसे तमाम आरोपों पर अशोक गहलोत ने जवाब दिया है। सीएम ने कहा कि जिन लोगों को कैबिनेट में शामिल नहीं किया गया है, उनका योगदान भी गवर्नेंस के मामले में कम नहीं रहा है।

# आंध्र प्रदेश में भारी बारिश से तबाही, सड़कें बनीं नहर, 24 लोगों की मौत



**नईदिल्ली।** आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश ने भारी भयंकर तबाही मचा दी है। बारिश के कारण कई इलाकों की सड़कें नहरों और नालों बदल गई हैं। जिससे लोगों का जीवन मुश्किल में पड़ गया है। लगातार बारिश जारी रहने से यहां कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हो गए हैं। कडप्पा जिले में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हो गई। अनंतपुर में बारिश से संबंधित घटनाओं में सात और चित्तूर जिले में चार लोगों की मौत हो गई। कई इलाकों में फंसे लोगों को बचाने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। उफनती नदियों और नालों ने रायलसीमा के तीन जिलों में भारी बाढ़ ला दी, कुछ जगहों पर सड़कें काट दीं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई जगहों पर सड़कें नहरों में तब्दील हो गईं और वाहन बह गए। 1,544 घर क्षतिग्रस्त हो गए, 3.4 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र जलमग्न हो गए, और सैकड़ों मवेशी खो गए। इन जिलों में करीब 8,206.57 लाख रुपये की सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

कडप्पा जिले के राजमपेटा निर्वाचन क्षेत्र में, चेयेरू नदी में अचानक आई बाढ़ में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य का पता नहीं चल सका है। एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन सेवा के कर्मियों ने कडप्पा और चित्तूर जिलों में बाढ़ प्रभावित स्थानों से दसियों लोगों को बचाया। एनडीआरएफ ने बाढ़ के कारण कट गए छह गांवों से संपर्क बहाल कर दिया है। एक अंतिम शेष गांव से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। क्अॠ की टीम ने एक खउइ में फंसे दस लोगों को बचाने के लिए ट्-17 हेलीकॉप्टर का उपयोग करके एक अभियान चलाया। जेसीबी इससे पहले दोपहर में चित्रावती बाढ़ में फंसी एक कार में सवार चार लोगों को बचाने गई थी, लेकिन जैसे ही बाढ़ का खतरा बढ़ गया, उसमें से छह और कार के चार यात्री फंस गए। करीब 213 राहत शिविर खोले गए हैं और इनमें 19,859 लोग रह रहे हैं।

## मुख्तार अंसारी को एक ही दिन में 5 करोड़ की चोट, लखनऊ में पत्नी की जमीन कुर्क, मऊ में करीबियों की संपत्ति जब्त

**लखनऊ, मऊ।** बाहुबली विधायक माफिया मुख्तार अंसारी पर योगी सरकार की कार्रवाई जारी है। रविवार को मुख्तार अंसारी पर पांच करोड़ की बड़ी चोट मारी गई। राजधानी लखनऊ में हुसैनगंज में विधानसभा मार्ग पर स्थित मुख्तार अंसारी की तीन करोड़ की जमीन कुर्क कर ली गई। यह जमीन मुख्तार की पत्नी अफशा अंसारी के नाम पर खरीदी गई थी। वहीं मऊ में मुख्तार के दो करीबियों की दो करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क कर ली गई। आजमगढ़ से लखनऊ पहुंची पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 194 वर्ग मीटर की जमीन को कुर्क किया। जमीन की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इस जमीन पर पहले पेट्रोल पम्प चल रहा था। पुलिस का दावा है कि यह जमीन नजूल की है जिसे फर्जी दस्तावेजों से अवैध रूप से मुख्तार की पत्नी के नाम बेचा गया था। अजमगढ़ के तरवां थाने में मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। आजमगढ़ डीएम के आदेश पर ही विवेचक प्रशांत श्रीवास्तव टीम के साथ इस जमीन को कुर्क करने के लिये लखनऊ आये थे। विवेचक ने डीएम कार्यालय से कानूनी औपचारिकता पूरी की। इसके बाद विधानसभा मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास मुख्तार की पत्नी के नाम से खरीदी गई जमीन पर टीम पहुंची। टीम में सदर तहसीलदार, एलडीए तहसीलदार, इंस्पेक्टर हुसैनगंज अजय कुमार सिंह और आजमगढ़ स्वाट टीम प्रभारी व विवेचक प्रशांत श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नेत्र कैम्प एवम महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम 25 नवंबर को चनैनी मे

**जसरा।** करछना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चनैनी मे 25नवंबर को नेत्र कैम्प का आयोजन किया गया हैं। इस कैम्प के माध्यम से नेत्र परीक्षण, लेंस, चश्मा इत्यादि कार्य निःशुल्क होंगें। महिला सशक्तिकरण पर भी अनेकों गणमान्य लोगों के माध्यम से जागरूकता प्रदान किया जाएगा। इस आशय की जानकारी प्रधान संघ महामंत्री धीतेश तिवारी ने प्रदान करते हुए यह भी बताये कि क्षेत्र मे तमाम ऐसे जरूरत मंद लोग हैं जों धनाभाव एवम अन्य कारणों से इलाज नहीं करवा पाते हैं जिससे काफी समस्याओ का सामना करना पड़ता हैं। जरूरत मंद लोगों को कैम्प तक पहुचाने की अपील भी किये हैं।

### एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत बिजली का बिल जमा करें और योजना का लाभ उठाएं

**करछना/भड़ेवरा।** सभी गांव के सम्मानित व्यक्तियों से अनुरोध है कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही, एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत बिजली बिल के सभी बकायेदारों को बिल जमा करने की अपील की गई है। दिनांक 22 नवम्बर दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से बिजली बिल कैंप का आयोजन ग्राम प्रधान सुलमई अनीता देवी के घर पर लगाया जाएगा ।और आप सब लोग अपने बिल का सशोधन कराकर योजना का लाभ उठाएं ।ग्राम प्रधान ने बताया कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ सभी लोगो को उठाना चाहिए।

### तहसीलदार ने किया शिविरों का निरीक्षण

**शंकरगढ़।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के विशेष अभियान का तहसीलदार ने विधिवत मुआयना किया। तहसीलदार बारा गणेश सिंह ने तीनों विद्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। उक्त शिविरों के आयोजन में सुपरवाइजर लेखपाल गंगा प्रसाद, विश्व प्रकाश लगातार मानीटरिंग करते रहे। इसके अलावा बीएलओ में शिवलाल, सरोज देवी, पुष्पा देवी, संतोष सिंह, राघवेंद्र सिंह, ऊषा देवी, प्रभा शुक्ला, कमला द्विवेदी, ऊषा देवी, अखिलेश कुमार, शांति, राजेंद्र, मनीष केसरवानी ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई।

# एक सप्ताह पूर्व बरिया नाले में मिली राशिद की लाश का पुलिस ने किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** एक सप्ताह पूर्व क्षेत्र के झगरा बरिया नाले में मिली खून से सनी जसरा के राशिद की लाश मामले का रविवार के दिन लालापुर पुलिस ने खुलासा कर दिया ।राशिद की हत्या आशनाई के चक्कर में की गई थी । घटना में शामिल तीन आरोपियों को मय हत्या में प्रयुक्त औजार के साथ पकड़ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा गांव निवासी राशिद की लाश बीते 14 नवम्बर की सुबह लालापुर थाना क्षेत्र के बेला गांव स्थित झगरा बारिया नाले में उतराती मिली थी ।घटना का खुलाशा करते हुए एसओ लालापुर मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक राशिद का बेला गांव निवासी रामबाबू पाल की बहन से प्रेम प्रपंच चल रहा था । रामबाबू की बहन से मिलने के लिए राशिद घटना वाली देर रात आया था । इसी बीच रामबाबू पाल को भनक लगी तो दोनो को संदिग्ध हाल में देख लिया और बौखला गया । घटना की जानकारी रामबाबू ने अपने परिवार के दो युवकों विवेक पाल और अखिलेश पाल को दी । तीनों मिलकर राशिद को पकड़ कर गांव के बाहर ले गए और लोहे की सरिया से पीटकर मौत के घाट उतार कर नाले में फेंक दिया । पुलिस ने तीनों को पकड़ा तो तीनों ने जुर्म कबूल लिया । आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की सरिया भी बरामद की। तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस रविवार को जेल भेज दिया।



पुलिस के कब्जे में राशिद के हत्यारे

### तिब्बत सीमा पुलिस के सब इंस्पेक्टर की सड़क दुर्घटना में मौत

**प्रयागराज।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस के सब इंस्पेक्टर की सड़क हादसे में मौत हो गई। शनिवार रात प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के खोदायपुर के मजरा कशिया का पूरा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी देररात मौत हो गई। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव घर वालों को सौंप दिया।बहरिया थाना क्षेत्र के फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर गांव निवासी दुर्विजय सिंह उम्र 32 वर्ष पुत्र राम निहोर शनिवार घर से बाइक पर निकले थे। रात लगभग 11 बजे उतरांव के खोदायपुर के कशिया का पूरा गांव के पास किसी वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दुर्विजय सिंह को उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में भर्ती कराया, पर हालत नहीं सुधरने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी रास्ते में मौत हो गई। दुर्विजय सिंह भारत तिब्बत सीमा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। गत 24 अक्टूबर को वह छुट्टी पर घर आए थे। दुर्विजय के दो पुत्र और एक पुत्री तथा पत्नी बिंदु देवी के आंसु नहीं थम रहे हैं।

# बीएलओ को सीएचसी प्रभारी ने अपशब्दों का प्रयोग कर कैंप लगाने से किया मना

## चुनाव कार्य बाधित होने से लोगों में आक्रोश, थाने में दिया शिकायती पत्र

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** चुनाव आयोग द्वारा तय स्थान देवरिया गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चुनाव कार्य हेतु कैप लगाने गए बीएलओ को सीएचसी प्रभारी व फार्मासिस्ट ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए बीएलओ को भगा दिया। जिससे चुनाव कार्य बाधित हो गया। बीएलओ ने खिलाफ में नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। चुनाव आयोग के निर्देश पर बीएलओ निर्धारित केंद्रो पर चुनाव मतदाता सूची आदि का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में घूरपुर इलाके के देवरिया गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुनाव आयोग द्वारा बीएलओ व मतदान केंद्र निर्धारित है। रविवार की सुबह बीएलओ महेंद्र सिंह देवरिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चुनाव कार्य हेतु कैप लगाने पहुंचा तो आरोप है कि सूचना पर जसरा सीएचसी प्रभारी तरुण पाठक और फार्मासिस्ट धर्मेंद्र केसरवानी पहुंच अपशब्दों से नवाजते कैंप लगाने से मना कर भगा दिया। जिससे चुनाव कार्य बाधित हो जाने से ग्रामीणों आक्रोशित हो गए। बीएलओ ने मामले की जानकारी सम्बन्धित लेखपाल बीरेंद्र खरे को दी। जांच पर सही पाए जाने पर लेखपाल ने मामले की जानकारी एसडीएम को देते हुए रिपोर्ट प्रेषित कर दी। चुनाव सम्बन्धी कार्य बाधित हो गया। मामले में बीएलओ ने थाने में नामजद करते हुए दोनों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। उक्त बावत बात करने पर जसरा सीएचसी प्रभारी डॉ तरुण पाठक ने कहा कि अस्पताल मरीजों के इलाज के लिए है न कि बीएलओ बूथ लगाने की है। बूथ कैप लगाना हो तो पंचायत भवन में लगाए। गाली गालौज की बात बेबुनियाद है।

### फंदे से लटककर किशोर ने दी जान, हड़कंप

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में एक किशोर ने रविवार की दोपहर फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर उतरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण मानसिक तनाव बताया जा रहा है। जलालपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार का इकलौता बेटा विकास (16) रविवार दोपहर के समय दरवाजा अंदर से बंद करके छत में लगे चूल्ले से गमछे का फंदा बनाकर लटक गया। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिवार के लोगों को आशंका हुई तो उन्होंने खिड़की से झांका। देखा कि विकास का शव फंदे से लटक रहा है। जिसे देख उनके होश उड़ गए। इस दौरान पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जांच कर रही है।

# न्यायालय में विचाराधीन बगैर राजस्व कर्मी के पुलिस ने जमीन करवा दी कब्जा, शिकायत

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** वैसे तो जमीन के विवाद को सुलटाने की यदि बात हो तो पुलिस राजस्व कर्मी का हवाला देते मामले को टाल देते हैं। न्यायालय के आदेश के बाद भी पुलिस कन्नी काटती रहती है। लेकिन जब पुलिस को निजी लाभ हो तो चाहे न्यायालय का आदेश हो या न हो चाहे मामला न्यायलय में विचाराधीन ही हो पुलिस इन सब को नजर अंदाज कर पहुंच जमीन कब्जा करवा देती है। एक ऐसा ही मामला घूरपुर थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया हुआ है। घूरपुर क्षेत्र के चिल्ली ग्राम सभा निवासी नचकू लाल कुशवाहा का गांव के ही विपक्षी दारा सिंह आदि से जमीनी विवाद को लेकर एसडीएम न्यायालय में केस विचाराधीन चल रहा है। आरोप है कि करमा पुलिस चौकी के दो सिपाही बीते गुरूवार के दिन विपक्षी से साठगाठ कर पहुंच पुलिसिया धौंस देते हुए जमीन पर बगैर राजस्व कर्मियों व न्यायालय के आदेश के बगैर जमीन पर पत्थर गड़वा कब्जा करवा दिया। पीड़ित नचकु लाल न्यायालय का दोहाई देते गुहार लगा मिन्नते करता रहा। लेकिन दोनो पुलिस कर्मी एक भी न सुनी। पीड़ित ने मामले में शनिवार को करछना तहसील दिवस पर पुलिस कर्मियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उक्त बाबत सीओ करछना राजेश कुमार यादव ने कहा कि जमीन का पथरगड़ी कर कब्जा दिलाने का कार्य राजस्व विभाग का है। यदि पुलिस बगैर न्यायालय के आदेश और बगैर राजस्व कर्मी जमीन कब्जा दिलाया है तो गलत है। जांच कर पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# संपर्क मार्ग को जेसीबी से नष्ट करने से गांव में तनाव


फोटो, संपर्क मार्ग अवरुद्ध होने से आवागमन बंद

अखंड भारत संदेश

**करछना।** ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा धरवारा के मजरा तुरकहा गांव में बीते दिन विजय बहादुर के दरवाजे से लगी संपर्क मार्ग पड़ोसी खेत वालों ने जेसीबी लगवा कर पूरी तरह से ध्वस्त करके अपने खेत में मिला लिया । जिससे गांव वालों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। बात करने से गांव वालों ने बताया कि विजय बहादुर के दरवाजे पर पीपल का पेड़ है। उसमें घंट बांधने की विवाद से कतिपय लोगों ने गलत कार्य किया । जो कि यह संपर्क मार्ग पूरी तरह धरवारा मौजा में सरकारी निधि से पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा बनवाया गया था । जिसकी शिकायत एसडीएम करछना व थानाध्यक्ष करछना को लिखित रूप से विजय बहादुर पटेल की ओर से शनिवार को की गई है ।गांव वालों का आवाजाही ठप होने से पूरा गांव आक्रोशित है।

## संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त राहगीर परेशान

**सहसों।** सहसों चौराहा फाफामऊ पुरानी जीटी रोड चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ, कादीपुर, सोपरावारी संपर्क मार्ग बेहद क्षतिग्रस्त हो जाने से राहगीरों में एवं ग्रामीणों को खासा परेशानी व आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से आए दिन साइकिल मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। यहां तक की पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उक्त संपर्क मार्ग के बगल पानी के बहाव के लिए नाली ना बनी होने के कारण मार्ग के अगल बगल बस्ती बस्ती के निवासी के घरों का पानी सड़क पर ही बढ़ता है इससे सड़क पर भारी जल जमाव होने के कारण सड़क की दुर्दशा हो गई है। इस संबंध में ग्रामीण एवं राहगीर कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधान को लिखित सूचना दिया है परंतु इस खस्ताहाल मार्ग किसी की नजर नहीं पड़ रही है। जबकि यह संपर्क मार्ग लोक निर्माण विभाग प्रयागराज के अधीन है। जहां एक तरफ प्रदेश सरकार का दावा है कि प्रदेश की हर मुख्य मार्ग या संपर्क मार्ग गड्ढा मुक्त हो ताकि राहगीरों को कोई परेशानी ना उठानी पड़े वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारी हों या जनप्रतिनिधि सब राहगीरों एवं ग्रामीणों की परेशानी से अनजान बने हुए हैं। किसी का भी ध्यान इस खस्ताहाल संपर्क मार्ग पर नहीं पड़ रहा है। इस संबंध में बसमहुआ गांव निवासी जितेन्द्र कुमार शुक्ला सहित आदि राहगीरों का कहना है हम लोगों ने कई बार विभागीय उच्च अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक सूचना दिया परंतु इस समस्याओं व क्षतिग्रस्त मार्ग पर किसी की भी नजर सूरतेहाल नहीं हो रहा है।

### सब्जी विक्रेता का शव फंदे से लटकता मिला, प्रेम संबंध में हत्या की आशंका

**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के कोरांव बाजार में सब्जी विक्रेता का शव साड़ी के फंदे से कमरे में लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों ने एक महिला पर हत्या कर शव को चुल्ले से लटकाने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मामले की छानबीन में जुट गई है ।कोरांव थाना क्षेत्र के कपासी कला खरिहानी गांव निवासी संदीप सोनी पुत्र कल्लू सोनी कोरांव बाजार में भारतीय स्टेट बैंक के सामने सब्जी की दुकान लगाता था। वह पास में ही एक किराए के कमरे में रहता भी था। शनिवार देर रात उसका शव कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे चुल्ले से लटकता मिला तो लोग सन्न रह गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दबी जुबान लोगों ने बताया कि संदीप का संबंध किसी महिला से चल रहा था। दोनों एक साथ कमरे में रहते भी थे ।शनिवार को दोनों में काफी विवाद हुआ था। इसके बाद संदीप कमरे से बाहर चला गया था। बताया जाता है कि रात में जब वह कमरे पर पहुंचा तो अपनी कथित प्रेमिका को किसी अन्य के साथ आपत्तिजनक दशा में देख लिया। इसके बाद दोनों में फिर झगड़ा हुआ। विवाद के बाद संदीप का शव फंदे से लटकता पाया गया। हत्या करने के बाद उसका शव फंदे से लटकाया गया है ।

# भागवत कथा ऐसा शास्त्र है जिसके प्रत्येक पद से रस की वर्षा होती है : ऋचा मिश्रा

अखंड भारत संदेश



**धनूपुर।** महाराज भीष्म अपनी पुत्री रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण से करना चाहते थे, परन्तु उनका पुत्र रुक्मणी के विवाह के लिए राजी नहीं था वह रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था। रुक्मिणी इसके लिए राजी नहीं थीं। विवाह की रस्म के अनुसार जब रुक्मिणी माता पूजन के लिए आईं तब श्रीकृष्णजी उन्हें अपने रथ में बिठा कर ले गए। तत्पश्चात रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण के साथ हुआ ऐसी लीला भगवान के सिवाय दुनिया में कोई नहीं कर सकता।यह कथा गजापुर गिर्दकोट पंडितान में चल रही भागवत कथा में कथा वाचिका देवी ऋचा मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ऐसा शास्त्र है। जिसके प्रत्येक पद से रस की वर्षा होती है। इस शास्त्र को शुकदेव मुनि राजा परीक्षित को सुनाते हैं। राजा परीक्षित इसे सुनकर मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं। प्रभु की प्रत्येक लीला रास है। हमारे अंदर प्रति क्षण रास हो रहा है, सांस चल रही है तो रास भी चल रहा है, यही रास महारास है इसके द्वारा रस स्वरूप परमात्मा को नचाने के लिए एवं स्वयं नाचने के लिए प्रस्तुत करना पड़ेगा, उसके लिए परीक्षित होना पड़ेगा। जैसे गोपियां परीक्षित हो गईं। इस दौरान कृष्ण-रुक्मिणी की आकर्षक झांकी बनाई गई। जिनके दर्शन करने भक्तजन भाव विभोर हो रहे हैं कथा सुनने के लिए आसपास गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।इस अवसर पर आयोजक एवं यजमान लालबहादुर शुक्ला, विमला शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला, सूर्यमणि शुक्ला, संजय शुक्ला, संतोष शुक्ला, विनोद शुक्ला, सुशील शुक्ला,आचार्य धरणीधर शुक्ल पंडित मनमोहन पांडेय, पंडित दुर्गेश तिवारी, आचार्य सत्यम दुबे, पंडित शशिकांत पांडेय, अभिषेक, नितेश, अंकित, आलोक, कृष्णा, अनिकेत, ओम, आरव आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

# मतदाता बनने को बूथ पर पहुंचे युवा, दिखा उत्साह

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विधानसभा निर्वाचन के लिए किए जा रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में युवा वर्ग विशेष रुचि दिखा रहा है।रविवार को आयोजित विशेष अभियान के दिन भारी संख्या में युवाओं ने मतदाता बनने के लिए प्रारूप छह भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा किया। यमुनापार के शंकरगढ़ में भी तीन विद्यालयों में विशेष अभियान के तहत शिविर लगाया गया। जिसमें राजा कमलाकर इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज और प्राथमिक विद्यालय शंकरगढ़ रहा। नगर पंचायत शंकरगढ़ में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में राजा कमलाकर इंटर कालेज लगे शिविर में सर्वाधिक संख्या मतदाता बनने वालों की रही। यहां के भाग संख्या 161 में प्रारूप छह (मतदाता सूची में नाम जोड़वाने का फार्म) के छह फार्म, प्रारूप सात के दो फार्म और आठ के दो फार्म जमा करवाए गए। इसी तरह भाग संख्या 162 में प्रारूप छह के छह, आठ के एक, भाग संख्या 163 में छह के दस, भाग 164 में प्रारूप छह के दस, प्रारूप आठ के दो, भाग संख्या 165 में प्रारूप के छह के छह फार्म, 166 में प्रारूप छह के 15 और भाग संख्या 167 के प्रारूप छह के छह फार्म जमा किए गए। इसी तरह राजकीय बालिका इंटर कालेज में भाग संख्या 168 में प्रारूप छह के आठ, 169 में प्रारूप छह के तीन, भाग संख्या 170 प्रारूप छह के नौ, 171 में प्रारूप छह के दस, भाग संख्या 172 में प्रारूप छह के चार फार्म जमा करवाए गए। जबकि प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में भाग संख्या 173, 174 व 175 में प्रारूप छह के कुल आठ फार्म जमा किए गए। इस तरह शंकगढ़ में मतदाता सूची में नाम जोड? वाले कुल 201 फार्म जमा करवाए गए, जबकि प्रारूप सात के दो और आठ के पांच फार्म जमा किए गए।

### शंकरगढ़ में विशेष अभियान का तहसीलदार ने किया निरीक्षण


अभियान का निरीक्षण करते तहसीलदार

## न्यूज झरोखा

### बारा विधानसभा के मंडल कौधियारा की बैठक सम्पन्न, बनी आगामी योजना



**जारी।** विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता और मोदी योगी जैसा राष्ट्र को समर्पित नेता होने पर मुझे गर्व है जिसके पूरे देश और प्रदेश के कैबिनेट मे एक भी भ्रष्टाचार का आरोप ना हो और दिन-रात आम नागरिकों के सेवा उत्थान और विकास मे लगा हो उक्त बातें शनिवार को कौंधियारा मंडल के मोतीलाल नेहरू डिग्री कालेज में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने पदाधिकारियों एव कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही और बताया कि भाजपा के त्रिदेव पन्ना प्रमुख,बीएलो-2 और बूथ अध्यक्ष आगामी विधानसभा चुनाव 2022 मे कमल खिलाने का कार्य करेगें। जौनपुर मे होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन मे देश के रक्षा मंत्री का सम्बोधन पार्थेय बूथ अध्यक्षो को मिलेगा।आगामी योजनाओं मे 21 और 27 को मतदाता पुनरीक्षण,पन्ना प्रमुख,बढे बूथों का गठन,और सदस्यता आदि बिषयो पर प्रकाश डाला गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी ने करते हुए मौजूद कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियो का आभार जताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल प्रभारी वेदांत पाठक, महामंत्री लालचंद शुक्ला, अंबिका तिवारी, रोचक मिश्रा, सुरेश चतुर्वेदी, अरुण सिंह पटेल, हरि महेंद्र कुशवाहा, गौरीशंकर बिंद आदि कार्यकर्ता के साथ मंडल पदाधिकारी,शक्ति केन्द्र प्रभारी,संयोजक,बूथ अध्यक्ष आदि के साथ दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरस्वती इं.का. अमृत महोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**प्रतापपुर।** अमृत महोत्सव आयोजन समिति प्रतापपुर द्वारा मातृभूमि की आजादी के 75 वें वर्षगांठ पर शुक्रवार को सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज सराय ममरेज में अमृत महोत्सव कार्यक्रम सरस्वती प्रतिमा एवं संत महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक माह तक गांव- गांव में भारत माता का पूजन, तिरंगा यात्रा, वंदेमातरम गान आदि का कार्यक्रम चलेगा।जिसमें अपने पूर्वजों के अमर बलिदान के इतिहास के विषय में बताया जाएगा जिन्होंने अपने आपको मां भारती के चरणों में अर्पित कर देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।अमृत महोत्सव कार्यक्रम सरायममरेज में मुख्य अतिथि के रूप में संघ से प्रांत के मार्ग प्रमुख भोलेन्द्र जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शैलेष पाठ ने किया इस अवसर पर कार्यक्रम में पंडित विजय शर्मा, मुकुन्दलाल मौर्य, मनोज आचार्य, खण्ड कार्यवाह हृदय नारायण मिश्रा, संजय विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, संदीप गुप्ता, राजा मौर्य, त्रिभुवन गौर, मनोज पांडेय, अशोक दुबे, बबलू सिंह, किशन पाठक, शिवकुमार तिवारी तेजस्वी, सुनील सिंह, देवेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह पटेल, आकाश दुबे, बाबा शर्मा, एसपी दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### शादियों में क्षमता के अनुसार ही खाना लें : बाबा तिवारी



**जंघई।** एक बिटिया का पिता अपनी पूरी जिंदगी दिन रात मेहनत करके अपनी खुशियों का गला घोंट कर थोड़े थोड़े पैसे जमा करता है ताकि अपनी बिटिया का विवाह बड़े ही धूम धाम से कर सके और विवाह में कोई कमी न रह जाये। इसलिए अपने जीवन भर की पूंजी ओर उधार लेकर विवाह समारोह को अपनी क्षमता से अधिक भव्य बनाता है ।जब हम उस पिता के मेहनत की कमाई को इस प्रकार से जूठा छोड़ देते है तो सोचिए उस पिता पर क्या बीतती होगी ।निवेदन है कि इस तरह से जूठा न छोड़े और न ही किसी को छोड़ने दें ।शादियों का सीजन चल रहा है, कृपया खाना उतना ही लें जितना खाने की क्षमता रखते हों।

### राशन की दुकान पर शिविर लगाकर हुआ वैक्सीनेशन



**सहसों।** शासन द्वारा आदेशानुसार राशन की दुकान पर भी वैक्सीनेशन कैंप लगाकर कराया जाए। इसी के चलते क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरिया में कोटेदार विष्णु दुबे ने अपनी राशन की दुकान पर कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर राशन कार्ड धारकों एवं ग्रामीण जनता का वैक्सीन टीकाकरण कराए। जिसमें लगभग 100 की संख्या में लोगों का पंजीकरण कर के टीकाकरण किया गया। टीकाकरण कैंट में एएनएम रंजना देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी विकास यादव, आंगनवाड़ी सहायिका कुसुम देवी, आपूर्ति लिपिक दीपचंद्र पटेल, साधना मौर्या, राजेंद्र प्रसाद, दुर्गेश सिंह, अभिषेक पाल बीटी ब्लाक बहरिया शामिल रहे। इस मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी विकास यादव ने भी वैक्सीन की खुराक लिया।

### भाजपा ने चलाया डिजिटल सदस्यता अभियान



**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती के नेतृत्व में पूरे यमुनापार मे सभी मोर्चा प्रकोष्ठ, विभाग के साथ स्यमं कार्यकताओं सहित कई गांवों में पहुंचकर सदस्यता ग्रहण करा रहे है ।जसरा के पांडर मे बूथ संख्या 312, खाई बूथ संख्या 317 मे डिजिटल सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी सरकार की योजनाओं से भी लोगों को परिचित कराया गया। साथ ही उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक,पन्ना प्रमुख उपस्थित रहे।

### सम्मेलन की सफलता को भाजपा कार्यकताओं ने की बैठक



**करछना।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भड़ेवरा की एक कामकाजी बैठक गुरुकुलम पब्लिक स्कूल हनुमानपुर में मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन मंडल महामंत्री राम मनोहर मिश्र लोहिया ने किया इस बैठक के मुख्य अतिथि जिलामंत्री विनोद प्रजापति जी रहे बैठक में 27 नवंबर को होने वाले जौनपुर टीडी कॉलेज में बूथ अध्यक्षों के साथ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सम्मेलन की सफलता की तैयारियों पर चर्चा हुई। इस बैठक में भाजपा के मंडल मंत्री शिशिन सिंह प्रकाश दुबे मुकुंद लाल सोनकर सावित्री कुशवाहा राजेश पांडे रामबाबू पटेल उमाकांत पांडे सुनील शुक्ला विकास पांडे आलोक शुक्ला कमलेश साहू रामेश्वर दुबे प्रमोद पांडे शुभम शुक्ला आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अल्ट्रासाउंड डायग्नोस्टिक सेन्टर का अधीक्षक ने किया उद्घाटन



**जसरा।** जसरा ब्लॉक पर क्षेत्रीय जन मानस की पहल पर रस्तोगी अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेन्टर का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा के अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने फीता काटकर शुभारंभ किया। श्री पाठक ने कहा कि जसरा में इसके खुल जाने से लोगों को तत्काल सेवा उपलब्ध हो जायेगी। अल्ट्रासाउंड व डाग्नोस्टिक सेन्टर के प्रबन्धक डा० ए०के०रस्तोगी ने बताया कि यहां पर आने वाले क्षेत्रीय लोगों को अब प्रयागराज नहीं जाना पड़ेगा। शहर की सारी सुविधाएं जसरा में ही मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। सेन्टर के संचालक डा० प्रभाकर सिंह ने आये हुए लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में डा०संतोष सिंह,डा०अहमद,सुभाष यादव,डा० दिनेश यादव,लाल प्रताप सिंह, गिरिजा प्रसाद द्विवेदी,बृजेन्द्र पाठक,श्यामधर,नीशा पांडेय, रीता सिंह, इन्द्रावती, संतोष मिश्रा, नीतू त्रिपाठी, कनक त्रिपाठी, माया पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुलायम सिंह यादव के जन्म दिवस पर सपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सिरसा।** विधानसभा मेजा के सभी सम्मानित प्रमुख नेतागण समाजवादी विचारधारा के साथी तथा विधानसभा मेजा के पदाधिकारि और सभी फ्रंटल के विधानसभा अध्यक्ष एवं व्लाक अध्यक्ष तथा नगर अध्यक्ष और कार्यकारणी ,सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, साथियो से निवेदन हैं कि दिनांक 22 नवम्बर 2021 को समाजवादी पार्टी के विधानसभा मेजा का कार्यालय उदघाटन समारोह नगर पंचायत सिरसा रामलीला मैदान के बगल तथा हम सबके नेता माननीय मुलायम सिंह का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा अतः आप सभी की उपस्थित सदर प्राथनिय हैं। यह जानकारी चेरमैन नगर पंचायत सिरसा श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) अध्यक्ष विधानसभा मेजा समाजवादी पार्टी प्रयागराज ने दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने वीडियो के ऊपर दर्ज कराया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ग्राम पंचायत अधिकारी ने आंगनवाडी कार्यकत्री के पति पर सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने एवं धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है, तो दूसरी तरफ आंगनवाडी कार्यकत्री ने भी ग्राम पंचायत अधिकारी पर अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई है। मामला मऊआइमा इलाके की है। मऊआइमा ब्लाक के एक गांव में मिथलेश कुमार साहू ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत है। मिथलेश साहू ने बताया कि आंगनवाडी एवं सफाई कर्मचारियों की पंचायत भवन में बैठक किया गया था। आरोप है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री को बैठक में फोन के माध्यम से जानकारी दी गई थी। वह नहीं पहुंची जबकि उसका पति पर सरकारी कार्य में हस्ताक्षेप एवं धमकी दिए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराया है तो वहीं आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर भी अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म के प्रयास के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हालांकि पुलिस घटना मामले में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच-पड़ताल में जुट गई है।



एडीजी प्रेम प्रकाश, आईजी राकेश सिंह व डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने किया भूमि पूजन

# भूमि पूजन के साथ पुलिस ने शुरू की माघ मेला की तैयारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने माघ मेला की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को माघ मेला पुलिस लाइन में भूमि पूजन के साथ तैयारियां शुरू हो गई। एडीजी प्रेम प्रकाश, आईजी राकेश सिंह और डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी समेत अन्य पुलिस अफसर रविवार सुबह पूजा के लिए परेड मैदान पहुंचे। बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलवीर गिरि ने विधि-विधान से मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन कराया। पुलिस अफसरों ने हवन कर माघ मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस पूजन के साथ ही अब पुलिस का काम शुरू हो जाएगा। पुलिस लाइन सभागार निर्माण के साथ थाने व चौकी का निर्माण काम किया जाएगा।

# पंखे के सहारे छात्र ने लगाई फांसी, मौत

अखंड भारत संदेश

**थाना क्षेत्र के अरैल गांव में किराए का कमरा लेकर तैयारी कर रहा था प्रतियोगी छात्र**

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के अरैल गांव में किराए का कमरा लेकर तैयारी कर रहे एक प्रतियोगी छात्र का शव रविवार दोपहर कमरे के अंदर फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा और उसे पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। जौनपुर, मड़ियाहूं के मझगवा, भंवरास निवासी प्रद्युम्न दीक्षित (22) पुत्र दयाशंकर कोतवाली अंतर्गत अरैल गांव में बृजेश कुमार पांडेय के यहां कमरा किराए पर लेकर रहता था। यहां वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। रविवार को उसके परिजन सुबह से ही उसे फोन कर रहे थे, लेकिन कोई उत्तर न मिलने पर बादशाहपुर निवासी उसका भांजा विष्णु पाठक उसके कमरे में पहुंचा। उसने देखा कि कमरा अंदर से बंद है और पुकारने पर भी कोई जवाब नहीं मिला रहा है।

इस पर उसने खिड़की से देखा तो उसके होश उड़ गए। प्रद्युम्न पंखे पर रस्सी के फंदे से लटक रहा था। उसने इसकी जानकारी मकान मालिक को दी। जानकारी पर वहां आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसके शव को फंदे से उतारा। मकान मालिक ने बताया कि बगल में शनिवार को आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वह देर रात कमरे में आया था। वहीं मृतक के भांजे ने बताया कि 25 नवंबर को बैंक की परीक्षा थी, उसके प्रवेश पत्र के लिए परिजन उसे फोन कर रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके पिता किसान हैं। वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था।

# सीबीआई जांच में खुलासा, आनंद गिरि ने कहा था वीडियो भेजूंगा तो पैरों तले जमीन खिसक जाएगी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सीबीआई ने अपनी जांच में खुलासा किया है कि आनंद गिरि मई 2021 से ही महंत नरेंद्र गिरि को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा था। आनंद गिरि ने हरिद्वार में महंत रवींद्र पुरी से कहा था कि महंत नरेंद्र गिरि का एक वीडियो भेजूंगा तो पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। यहीं से वीडियो के नाम से महंत नरेंद्र गिरि को डराने का सिलसिला शुरू हुआ। कोशिश की जा रही थी कि आनंद गिरि की वापसी हो जाए लेकिन समझौता न होने पर वीडियो कुछ लोगों को दिखाकर महंत नरेंद्र गिरि को बदनाम करने की साजिश रची गई।

बताया जा रहा है कि महंत नरेंद्र गिरि से विवाद के बाद आनंद गिरि हरिद्वार चले गए। वहां से मठ में वापसी के लिए साजिश रचने लगे। इसके लिए आनंद गिरि ने महंत रवींद्र पुरी से फोन पर वार्ता की। स्पीकर ऑन करके इस प्रकरण में बातचीत के दौरान आईफोन से उसकी रिकॉर्डिंग कर ली। सीबीआई ने आनंद गिरि, महंत नरेंद्र गिरि और महंत रवींद्र पुरी के बीच हुई बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड आनंद गिरि के आईफोन से रिकवर कर लिया है। इसी ऑडियो की मदद से सीबीआई ने पूरे प्रकरण से पदार्फाश किया। आरोप पत्र लगाने से पहले सीबीआई ने आनंद गिरि की आवाज का नमूना लेकर उसका विधिविज्ञान प्रयोगशाला में मिलान कराया है।



**मुख्यमंत्री से मिलने गए होते तो स्थिति कुछ और होती**

सीबीआई की जांच में पता चला है कि महंत नरेंद्र गिरि 15 सितंबर को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिलने जाने वाले थे। वहां शैलेंद्र सिंह के माध्यम से गोमती नगर लखनऊ में उनके लिए कमरा भी बुक करा दिया गया था। लेकिन किसी कारणवश वह लखनऊ नहीं गए। इसके बाद वह बहुत तनाव में आ गए थे। वीडियो के कारण वह इतने परेशान थे कि आत्महत्या कर ली। चर्चा थी कि अगर वह सीएम से मिल लेते तो शायद स्थिति कुछ और होती।

## कृषि कानून : भाजपा की नीयत पर संदेह अनुचित ही नहीं, बल्कि मूर्खतापूर्ण : सिद्धार्थनाथ

**प्रयागराज।** सूबे के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने रविवार को अपने आवास पर संवाददाताओं से हुई बातचीत में बसपा प्रमुख मायावती द्वारा कृषि कानून को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया। कहा कि मायावती द्वारा कृषि कानून के संबंध में भाजपा की नीयत पर संदेह अनुचित ही नहीं बल्कि मूर्खता है। मोदी सरकार जो कहती है वही करती है। उन्होंने कहा कि कानून वापस लेने का निर्णय खुले दिल से लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र है। केंद्र सरकार ने किसानों से बातचीत का प्रयास किया लेकिन उनमे से कुछ को नहीं समझाया जा सका। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मायावती ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री रहते हुए किसानों के लिए कुछ नहीं किया और अब वह भाजपा पर टिप्पणी कर रही हैं। सरकार एमएसपी के संबंध में समिति बनाने की बात पहले ही कह चुकी है।

# बारातियों से भरी स्कॉर्पियो पलटी बाल बाल बचे लोग

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के भसुंदर खुर्द गांव के समीप बारातियों से भरी स्कॉर्पियो गाड़ी पलटने से हड़कंप मच गया, गाड़ी में सवार लोग बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को कठौली गांव से बारात खीरी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव गई हुई थी। रविवार को बारातियों को लेकर स्कॉर्पियो गाड़ी वापस आ रही थी, जैसे ही गाड़ी भसुंदर खुर्द गांव के समीप पहुंची ही थी कि उसी दौरान सड़क पर आवारा पशु आ गया जिसे बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड्ड में जा पलटी। गाड़ी पलटने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया आनन-फानन में लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े इस दौरान गाड़ी में मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि किसी प्रकार से जनहानि नहीं हुई है।



बारातियों से भरी स्कॉर्पियो मेजा थाना के भसंदर खुर्द गांव के समीप खड्ड में पलटी

## विराट कोहली के के कोच राजकुमार शर्मा ने क्रिकेटरों को दिए टिप्स

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारतीय क्रिकेट टीम केकप्तान विराट कोहली के कोच राजकुमार शर्मा ने गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर 70 क्रिकेट खिलाड़ियों को टिप्स दिए। प्रयागराज में दो दिन के दौरे पर पहुंचे शर्मा ने खिलाड़ियों को मैच के दौरान धैर्य रखने, परिस्थितियों के अनुरूप खेलने और मैच के दौरान मानसिक मजबूती दिखाने के बारे में जानकारी दी। आरटीएसई क्रिकेट एकेडमी संचालक प्रदीप मिश्रा ने बताया कि तकनीकी कौशल, खेल के दौरान मानसिक क्षमता केमहत्व के बारे उन्होंने युवा क्रिकेटरों को विस्तृत जानकारी दी। संगमनगरी के क्रिकेटर बृजेंद्र त्रिपाठी का चयन अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए यूपी की टीम में हुआ है। नैनी के चकलाल मोहम्मद निवासी बृजेंद्र के पिता मनोज त्रिपाठी अध्यापक हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज व विकेटकीपर बृजेंद्र इससे पहले यूपी की अंडर-16 और अंडर-19 कैंप में शामिल रहे। इस बार कड़ी मेहनत के बल पर बृजेंद्र ने यूपी टीम में जगह बनाई है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक सोमेश्वर पांडेय ने बताया कि चीफ जस्टिस बनर्जी अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में वह उत्तराखंड के खिलाफ भी मैच खेल चुके हैं। वर्तमान में वह चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट एकेडमी के कोच मो. आसिफ से क्रिकेट की बारीकियां सीखते हैं। बृजेंद्र ने कहा कि क्रिकेट खेलने के लिए दादा रमाकांत त्रिपाठी ने हमेशा मुझे प्रेरित किया।

## लापता युवक का दस दिन बीत जाने पर भी नहीं लगा सुराग

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव के लापता बालक का दस दिन बीतने के बाद भी सुराग नहीं लग सका जिसके चलते परिजन हताश व परेशान हैं।

गौरतलब हो कि उक्त गांव के दिलीप कुमार पाण्डेय का पुत्र विवेक पाण्डेय (12) 11 नवंबर को घर से अचानक लापता हो गया परिजनों के द्वारा हर संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन किया गया लेकिन उक्त बालक का कुछ पता नहीं चल सका। अनहोनी की आशंका पर परिजनों के द्वारा मेजा थाने में नामजद तहरीर देकर बालक की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है, लेकिन दस दिन बीत जाने के बावजूद भी लापता बालक का सुराग न चलने से परिजन काफी हताश व परेशान है। परिजनों के द्वारा मेजा थाने में गांव के राजा धरकार के ऊपर बालक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद तहरीर दी गयी है लेकिन बालक का कुछ पता नहीं चल सका।

# जनाधार शक्ति पार्टी जनमानस से जुड़ी कार्यों को करेगी पूरी : आशीष दीक्षित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज समेत यूपी के कई शहरों में जनसंपर्क अभियान शुभारंभ**

**नैनी।** जनाधार शक्ति पार्टी उत्तर प्रदेश समेत देश के समस्त जनमानस कार्यों को पूरा करने के लिए रविवार को कार्यकताओं व पदाधिकारियों को मैदान में उतार दिए। आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को मद्देनजर जनाधार शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष दीक्षित के दिशानिदेर्शों पर रविवार को पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया। आगामी महीनों में उत्तर प्रदेश सहित अन्य पांच राज्यों में विधानसभा का चुनाव होना तय है। उत्तर भारत के अध्यक्ष अखिलेश शुक्ल ने जनसंवाद के प्रति एक अभियान जारी करने का निर्णय लिया और पदाधिकारियों व कार्यकताओं को जनसंपर्क अभियान जारी कर घर-घर जाकर जनसंवाद एवं पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराने के लिए निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में प्रयागराज समेत यूपी के कई शहरों में जशपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने अभियान की शुरूआत की और घर-घर जाकर जनमानस से जुड़ी समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के लिए प्रयास करने में जुटे हुए हैं। अधिकांश क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट, सड़कें आदि जैसी समस्याओं को सामने रखा गया। उत्तर भारत के अध्यक्ष अखिलेश शुक्ल व प्रदेश मीडिया प्रभारी पीयूष द्विवेदी उपस्थित होकर 20 दिनों के अंदर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट से जुड़ी सारी समस्याओं का शीघ्रता निवारण करने का विश्वास दिलाया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा, 'सिर्फ एक समस्या ही नहीं, बल्कि देश-प्रदेश के अंदर जितनी भी समस्या है सभी का निवारण होना तय है। जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ नैनी क्षेत्र से की गई। जिसका संचालन उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष रविन्द्र पाठक के द्वारा की गई। इस दौरान ओम प्रकाश पांडेय, देवाशीष श्रीवास्तव, अश्विनी तिवारी, सोनू भारतीया, राम बहादुर सरोज व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार पटेल ने प्रतापपुर, हंडिया, फूलपुर आदि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान की कमान संभालते हुए लोगों से जनसंवाद किया।



जन संपर्क करते जनाधार शक्ति पार्टी के कार्यकर्ता

# नए जीवन हेतु ऐतिहासिक एकल रक्तदान शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एकल अभियान प्रयाग चैप्टर द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का रविवार 21 नवंबर 2021 को आयोजन किया गया। यह आयोजन रक्त संकल्प संस्था व स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल की विशेषज्ञ टीम के साथ मेयोर रोड, अशोकनगर पर क्रियान्वित किया गया । इसमें भारी संख्या में युवकों ,पुरुषों व महिलाओं ने पूरे जोश से भाग लिया व चंद घंटों में 51 से ज्यादा दानवीरों व रक्तवीरों ने योगदान दिया । एकल प्रयाग चैप्टर ने इस एक दिवसीय कार्यक्रम में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के इतिहास में व प्रयाग शहर में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करके एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है । एकल परिवार व रक्त दानवीरों के अत्यधिक उत्साह व उमंग को देखते हुए यह एक शिविर के बजाय एक कार्निवल के रूप में बदल गया और ऐसे भी बहुत उत्साही लोगों ने भाग लिया जो केवल राह से गुजर रहे थे और वॉक इन करके रक्तदान दिया । सभी रक्त दानवीरों को डोनर कार्ड, प्रशस्ति पत्र ,व्यवसायिक घरानों द्वारा डिस्काउंट कूपन व उपहार प्रदान किया गया । कार्यक्रम के संचालन में एकल प्रयाग चैप्टर के अध्यक्ष राज कमल अग्रवाल ,सचिव श्रुति अग्रवाल, एकल युवा की सुरभि सहाय , कीर्ति चावला के अतिरिक्त श्रीमती सुषमा गौड़, सौरभ पूरी, पीयूष पांडे, निधि गुप्ता , सिद्धार्थ अग्रवाल आदि ने सक्रिय योगदान दिया । एकल प्रयाग चैपटर निरन्तर षिक्षा व ग्रामोत्थान के क्षेत्र में प्रयागराज के विभिन्न अंचलो में महत्वपूर्ण योगदान करता आ रहा हैं व1600 से अधिक प्राथमिक विद्यालय का संचालन कर रहा हैं। इस रक्तदान शिविर का आयोजन उसी कड़ी में एक और सफल प्रयास हैं।




रक्तदान शिविर में रक्त संकल्प संस्था के लोग

# महर्षि सुपच सुदर्शन जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

अखंड भारत सन्देश

**प्रयागराज।** बलुआघाट में महर्षि सुपच सुदर्शन जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुदर्शन समाज सेवा संस्थान प्रयागराज के द्वारा सुदर्शन जी की प्राचीन मंदिर बलुआघाट में संपन्न की गई। इस शुभ अवसर पर सुदर्शन समाज के लोगो ने महर्षि सुदर्शन जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं पूजा-आरती का कार्यक्रम विधि पूर्वक सम्पन्न किया गया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सुदर्शन जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज के उत्थान के बिषय में भी मनन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भरत जी मलिक, प्रेम महतो, चौधरी माता प्रसाद, राजेश सुदर्शन, विनोद सुदर्शन, अनिल सुदर्शन, मुकेश सुकवारे, अभिषेक मलिक,गुड्डू चुहटेल, शिवम बक्सरे, सोनू राज, राकेश कुमार,सुजीत वैश, पप्पू गोदारे, पंडा, रंजीत सुदर्शन, विष्णु, सिद्धार्थ, आकाश गेराय, सुरेश कुमार,राजकुमार, सुखदान, श्रीमती निर्मला सुदर्शन, सुमन देवी, हर्षित सुदर्शन, आदर्श सुदर्शन, सुमन सुदर्शन, अनीश सुदर्शन, आदि बड़े संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## निकाह से पहले पता चला दूल्हा शादीशुदा, पूरे परिवार पर रिपोर्ट

**प्रयागराज।** बहादुरगंज की रहने वाली सबा (परिवर्तित नाम) को शादी से पांच दिन पहले पता चला कि दूल्हा शादीशुदा है। सबा के भाई ने दूल्हे और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। सबा के माता-पिता की मौत हो चुकी है। बड़े भाई ने उसे पाला है। कुछ महीन पहले नाजिम का रिश्ता सबा के लिए आया था। दोनों की शादी 28 अक्तूबर 2021 को तय हो गई। करेली का शगुन पैलेस शादी के लिए बुक किया गया था। 23 अक्तूबर को सबा के घर कुछ लोग पहुंचे और बताया कि नाजिम की 2014 में शादी हो चुकी है। दोनों पक्षों में पंचायत भी हुई, लेकिन कोई हल नहीं निकला। घर वालों ने शादी तय कराने वाले खुर्शीद के खिलाफ भी एफआईआर कराई है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1886318 का अंकपत्र कहीं खो गया है।

**ज्ञान प्रताप सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी-गांव रजई, पोस्ट लालगंज मिजार्पुर।**

# गृहस्थी के सामान लेकर 16 दूल्हनें चली पिया के घर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा द्वारा 14वाँ सामूहिक विवाह जय माल होने पर सभी 16 वर कन्याओं को अलग-अलग मंडप में पुरोहितों ने सामूहिक विवाह कराया जो देर रात तक चला विवाह को देखने के लिए हजारो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। विवाह होने के पश्चात सभी जोड़ों को गृहस्थी के सामान समाज सभा द्वारा दिए गए।

सामानों में बेड, रजाई, गद्दा, तकिया, चादर, अलमारी, सिलाई मशीन, सीलिंग फैन, फरार्टा फैन, स्टील टंकी, सोने का मंगलसूत्र, टीवी एवं हॉटपॉट, ट्राली बैग, सिंगारदान, घड़ी दूल्हे के लिए, घड़ी दुल्हन के लिए, स्टील बर्तन, परात, लोटा, साड़ी सेट, चूड़ी, सिंगार सामग्री, गिफ्ट पैक चार सेट, वाटर कूलर, टी सेट, बाउल सेट, चाय केतली, डिनर सेट, साड़ी सेट, शर्ट पैंट, मिठाई बायन सहित 51 उपहार दिए गए। इतने ज्यादा उपहार पाकर

## उमरवैश्य समाज का 14 वाँ सामूहिक विवाह संपन्न



वर-वधू को आशीर्वाद देते जिला उमरवैश्य समाज के पदाधिकारी

सभी वर कन्याओं के परिवारों का खुशी का ठिकाना नहीं था। सभी एक स्वर में समाज सभा के पदाधिकारियों की सराहना कर रहे थे समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने 14वाँ सामूहिक विवाह के सकुशल संपन्न होने पर जिलाधिकारी नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में एसएसपी, सीओ सिटी अभय पांडे, एलआईयू इंस्पेक्टर ओ0 पी0 एन0 सिंह शहर कोतवाल व चौकी प्रभारी चिलबिला व पुलिस विभाग की पूरी टीम के प्रति आभार जताया। समाज सभा के अध्यक्ष गुलाब चंद ने कहा कि 14 वाँ सामूहिक विवाह सकुशल सभी के सहयोग से संपन्न हुआ जो भी दानदाता व समाज के पदाधिकारियों ने अपना सहयोग देकर इस महायज्ञ को संपन्न कराया भगवान की कृपा उन पर सदैव बनी रहे। समारोह में मुख्य रुप से रामजी संयोजक, सामूहिक विवाह मनोज कुमार महामंत्री, सामूहिक विवाह कोषाध्यक्ष कैलाश नाथ, रामजी राष्ट्रीय अध्यक्ष, संतोष शाह राष्ट्रीय महामंत्री, शोभनाथ, मदनलाल, महादेव, रामविलास, राजकुमार, देवेंद्र गुप्ता, दीपक कुमार सभासद, जवाहरलाल, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अनीता, महिमा गुप्ता, शीला, विश्वनाथ, शंकरलाल जबलपुर, रामा, रंजीत मोदी, राकेश, सुनील, विमल, कमलेश, पप्पू मामा आदि देश भर से आए समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन रामविलास उमरवैश्य ने किया।

# एटीएल ग्राउंड में शुरू हुई चार दिवसीय सदर ब्लाक की प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एटीएल ग्राउंड में शुरू हो रहे चार दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। सांसद प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन हुये खेल में आठ सौ मीटर पुरूष वर्ग रेस में लवकुश ने पहला स्थान हासिल किया। मोहित सरोज दूसरे और विशाल पाण्डेय तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में अंकिता पाल ने सबसे लंबा फरार्टा भरा। प्रगति दूसरे और पूर्णिमा त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं अंडर - 17 सौ मीटर बालक वर्ग दौड़ में हर्षित कुमार ने बाजी मारी। अभिनाश शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय पूरे शुकाल की खुशी वर्मा पहले

## लवकुश, अंकिता पाल, हर्षित और खुशी ने भरा लंबा फरार्टा



ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में रेस लगाते प्रतिभागी

आंनदवन स्कूल की अदिति सिंह ने दूसरे और कंचन पाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। आठ सौ मीटर अंडर 17 बालक वर्ग में एजाज पहले मोहित दूसरे और कृष्णा यादव तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सहरीन बानो प्रथम, श्रेया तिवारी दूसरे और आस्था सिंह तीसरे नंबर पर आई। कबड्डी में पीबीपीजी की अंडर17 टीम





अवधी कथा का विमोचन करते संस्था के पदाधिकारी

# अवधी कथा गांव की नई आवाज का हुआ विमोचन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में सृजना कुटीर अजीत नगर में गांव की नई आवाज के अवधी कथा अंक का विमोचन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि अवधी भाषा आम जनमानस की भाषा है। यह अंक भाषा विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्य अतिथि आनंद मोहन ओझा ने कहा कि गांव की नई आवाज का अवधी कथा अंक निश्चय तौर पर कालजयी होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लखन प्रतापगढ़ी ने कहा कि गांव की नई आवाज का अवधी कथा अंक की प्रत्येक कहानी समाज का पथ प्रदर्शन करने का कार्य करेगी। गांव की नई आवाज के अवधी कथा अंक के अतिथि संपादक डॉ० दयाराम मौर्य रत्न हैं।

इस अंक में राम निवास पंथी, डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, विजय चितौरी, हरिवंश सिंह सांई, लखन प्रतापगढ़ी, सीमा मिश्रा, अनिल कुमार निलय, डॉ० मंजू मृदुल, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री की कथा सम्मिलित हैं। इस अवसर पर राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री एवं अनिल कुमार निलय ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।

## ग्रामीणों की शिकायत पर एसपी ने नवाबगज सिपाही को किया लाइन हाजिर

परियावां, प्रतापगढ़। जनपद के नवाबगज थाना क्षेत्र व रायबरेली के सलोन थाना क्षेत्र के रसूलपुर गाँव में धर्मराज शुक्ल व सुनील मौर्य के बीच विवाद होने की खबर पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना चौकी आरक्षी अनुराग शुक्ला बिना देरी किये मौके पर पहुँच गए ग्रामीणों का आरोप है कि हमला करने वाले धर्मराज की कार को आरक्षी अनुराग शुक्ल ने भगा दिया जिससे सुनील मौर्य के पक्ष के लोग नाराज हो गए और आरक्षी पर आक्रोशित हो उठे हालत बिगड़ती देख आरक्षी अपनी जान बचाने के लिए बगल के दुकान में घुसकर अंदर से शटर बन्द कर लिया और घटना की जानकारी नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह को दिया मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुँचे और आरक्षी को दुकान से बाहर निकाला और मामले की पूरी जानकारी ली। घटना स्थल रायबरेली जनपद की होने के कारण पुलिस आरक्षी को अपने साथ ले गई।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही करने वाले अधिकारी होंगे दण्डित : मण्डलायुक्त

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त प्रयागराज/मतदाता सूची मण्डलीय पर्यवेक्षक संजय गोयल ने अफीम कोठी के मीटिंग सभागार में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ला, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, समस्त ई0आर0ओ0 एवं ए0ई0आर0ओ0 के साथ बैठक की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि विधान सभावार सात ई0आर0ओ0 और उनके साथ 30 ए0ई0आर0ओ0 बनाये गये है। इसके अतिरिक्त कुल 280 सुपरवाइजर बनाये गये हैं। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न



अधिकारियों के साथ बैठक करते मण्डलायुक्त संजय गोयल

21758 फार्म पुनरीक्षण हेतु प्राप्त हुये है जिनमें से 11711 फार्म आनलाइन फीड किये जा चुके है जिस पर मण्डलायुक्त प्रयागराज ने नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि जो भी आवेदन प्राप्त हुये है उन्हें तुरन्त प्रत्येक दशा में 21 नवम्बर तक आनलाइन फीड कर निस्तारण किया जाए। इसके अतिरिक्त मण्डलायुक्त ने ईपिक रेशियों, जेन्डर रेशियों की भी विधानसभावार समीक्षा की। कुण्डा, बाबागंज एवं प्रतापगढ़ विधानसभाओं में जेण्डर रेशियों आयोग के मानक के अनुरूप न होने पर नाराजगी व्यक्त की उन्होंने सभी ईआरओ को निर्देश दिया कि मतदाता सूची में किये जा रहे परिवर्तन की जानकारी सम्बन्धित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाये।

## मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान जेण्डर रेशियों, ईपिक रेशियों बढ़ानें हेतु राजनैतिक पार्टियों से अनुरोध किया एवं राजनैतिक पार्टियों से जानना चाहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का अभियान जनपद में चला रहा है इस पर राजनैतिक पार्टियों द्वारा अभी तक अभिकर्ता नही नियुक्त किया गया है तथा नई मतदाता सूची उपलब्ध करायी गयी है या नही। सभी प्रतिनिधियों ने बताया कि मतदाता सूची निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है तथा उनके द्वारा जल्दी ही अभिकर्ता की सूची उपलब्ध करा दी जायेगी। मण्डलायुक्त ने बताया कि कोई भी व्यक्ति वोटर हेल्पलाइन एप से भी मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु आनलाइन आवेदन कर सकता है।

# भाजपा किसान मोर्चा के बैठक संपन्न

पट्टी, प्रतापगढ़। रविवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक नगर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई इसमें आगामी 28 नवंबर को आने वाले ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए आपसी विचार विमर्श किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि आसपुर देवसरा ब्लाक परिसर में ट्रैक्टर रैली निकाल कर दाउतपुर से अमरगढ़ शिवालय पर समाप्त किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहे। जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि किसानों के हितों के लिए हम हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम में सदस्यता प्रभारी विजय तिवारी नीटू को बनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी अरविंद शुक्ला पंकज मिश्रा दिनेश मणि त्रिपाठी जिला महामंत्री रामचरित्र वर्मा रामकोला मंडल अध्यक्ष वैभव सहित दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांग युवक का मुख्यमंत्री आवास ग्राम पंचायत अधिकारी ने काटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सीएम योगी आदित्यनाथ के पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री आवास की मांग करने वाले दिव्यांग युवक को पक्के मकान के नीचे रहने का कारण बताकर ग्राम विकास अधिकारी ने आवास काट दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीएम से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि बाबा बेलखरनाथ धाम के सराय गनई निवासी स्वर्गीय राम लखन यादव का बेटा सुशील कुमार यादव पैर से दिव्यांग है जिसका प्रमाण पत्र स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिव्यांग दिखाकर बनाया गया है। पीड़ित युवक वर्षों से कच्चे घर में रह रहा था। गत वर्ष आई आपदा में उसका वह कच्चा घर भी धराशाई हो गया, जिससे उसे रहने के लिए घर की आवश्यकता थी। दिव्यांग सुशील कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल के माध्यम से पक्के आवास की मांग की थी जिसके बाद सीएम कार्यालय से विकास खंड कार्यालय पर जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था किन्तु विकास खंड कार्यालय से जब पत्रावली की जांच ग्राम विकास अधिकारी के पास आई तो उन्होंने दिव्यांग युवक के पास पक्का मकान होने की जानकारी सीएम कार्यालय को दी जिससे पंचायत राज अधिकारी ने उक्त युवक का आवास के लिए चयन रोकते हुए आवास आवंटन की लिस्ट से नाम काट दिया। पीड़ित दिव्यांग युवक को जब आवास काटे जाने की जानकारी हुई तो वह रानीगंज के संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से डीएम नितिन बंसल को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच करने तथा न्याय की गुहार लगाई है।

# आबादी की जमीन विवाद को लेकर महिला को आरोपियों ने पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सरसतपुर रामनगर की एक महिला की जमीन पर दबंग पड़ोसी जबरन कब्जा कर रहे हैं पीड़ित महिला ने इस संबंध में कोतवाली पट्टी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर रामनगर गांव की रहने वाली सुनीता पत्नी हृदयशंकर ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी आबादी की जमीन को लेकर प्रतापगढ़ न्यायालय में मुकदमा चल रहा है उसके बावजूद भी आरोपीगण एकजुट होकर अवैध निर्माण कर रहे हैं। बीते 18 नवंबर को आरोपीगढ़ जबरन निर्माण करने लगे तो पीड़िता ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी पीड़ित महिला घर में अकेली है इसलिए उसकी मदद के लिए कोई भी आगे नहीं आ रहा है पीड़ित महिला पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना हथिगवां से प्रभारी निरीक्षक चन्द्रभान सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के फूलमती चौराहा के पास से मु0अ0सं0 224/21 धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दिलकेश सरोज पुत्र हरीलाल नि0 मिश्र दयालपुर थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# बस से टकराकर युवक की मौत

प्रतापगढ़। कोल्ड स्टोर आलू लेने जा रहा युवक बस से टकरा गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के भुवालपुर नहर के पास शिवा मैरिज गार्डन के सामने घटना घटी। बता दें कि रायबरेली की तरफ से आ रही प्राइवेट बस चालक द्वारा ब्रेक लेने के दौरान बस के पीछे चल रहे बाइक सवार का एक्सीडेंट हो गया। इलाज के लिये उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तेज रफ्तार से आ रही आर्टिका कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से बाइक घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बेलखरनाथ भेजा गया है। जहां दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सांगापट्टी गांव के समीप पट्टी रानीगंज मार्ग पर रविवार की सुबह 11 बजे उडैयाडीह बाजार से घर जा रहे बाइक सवार जरियारी गांव निवासी दीपक दुबे (19) गोई गांव के मुकेश कुमार (18) जामताली निवासी रवि (21) को रानीगंज की तरफ से आ रही आर्टिका कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# रेल कर्मचारियों की सूझबूझ से टला ट्रेन हादसा

**प्रतापगढ़।** रविवार को प्रतापगढ़ में रेल कर्मचारियों की सूझबूझ से एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया। दिल्ली से प्रतापगढ़ आ रही 04208 पद्मावत एक्सप्रेस अंतू स्टेशन के निकट अठगवां मिश्ररान गांव के पास पलटने से बच गई। टूटी हुई रेल लाइन को देखकर कीमैन मोती लाल ने लाल झंडी दिखाकर समय रहते हुये ट्रेन को रूकवा दिया। पटरी की हालत देखकर सभी के होश उड़ गये। सूझबूझ से ट्रेन रोकने के लिए यात्रियों ने ट्रेन के लोकोपायलट डीके पांडेय और गार्ड दिग्विजय सिंह की तारीफ की। घटना से हड़कंप है। अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिये हैं।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी दिल्ली से प्रतापगढ़ आ रही पद्मावत एक्सप्रेस अंतू स्टेशन से छूटने के बाद मिश्ररान गांव के पास पहुंचने वाली थी। तभी ड्राइवर डीके पांडेय ने ट्रैक पर लाल झंडी दिखाते कीमैन को देखा। उन्होंने गार्ड दिग्विजय सिंह को इस बारे में अवगत कराया। फौरन ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया।

अचानक से जंगल में ट्रेन रुकने की वजह जानने के लिए कुछ यात्री नीचे उतर आये। टूटी हुई रेल पटरी पर नजर पड़ते ही वे भौचक्के रह गये। रेल कर्मचारियों ने इस घटना के बारे में अधिकारियों को बताया। कीमैन मोती लाल ने लोको पायलट और गार्ड को घटना के बावत बताया। उसके अनुसार ट्रैक की निगरानी करते समय उसने देखा कि पटरी टूटी हुई है। जिसने उसके होश उड़ा दिये थे। उसी समय पद्मावत आने वाली थी। उसको और कुछ सूझा नहीं और लाल झंडी दिखा दी। जिससे ट्रेन रूक गई। मेंठ के साथ पहुंचे पीडब्ल्यूआई ने ट्रैक को दुरुस्त कराया। तब जाकर ट्रेन करीब 45 मिनट विलंब से वहां से चली। ट्रैक मरम्मत वाले स्टाफ को आने में विलंब के कारण यात्रियों को जंगली इलाके में परेशान होना पड़ा। पीडब्ल्यूआई के अनुसार मौसम में बदलाव के कारण ट्रैक फ्रैक्चर हो गया था।

## 95 मिनट तक ठप रहा संचालन

प्रतापगढ़। ट्रैक फ्रैक्चर की घटना के कारण प्रतापगढ़ लखनऊ रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन करीब 95 मिनट तक ठप रहा। आन डयूटी आउटडोर एसएम डीके शर्मा के अनुसार पद्मावत समय से 95 मिनट लेट प्रतापगढ़ पहुंची थी। अन्य ट्रेनें समय से आई। मौके पर समय से न पहुंचने पर लखनऊ के अधिकारियों ने रेलवे ट्रैक के जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई।

# खेल से बच्चों में निखरती है प्रतिभाः रत्ना सिंह

## क्रिकेट खेलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन करतीं पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह

प्रतापगढ़। सांसद ट्राफी खेल महोत्सव में रविवार को प्रतापगढ़ की पूर्व सांसद एवं एमएमपीजी कालेज कालाकांकर की प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर खेल का शुभारंभ क्रिकेट खेलकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा उभरकर सामने आती है। खेल कूद से शरीर मे नई ऊर्जा उतपन्न होती है। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य डॉ0 शिवम श्रीवास्तव, डॉ0 सूर्यभान सिंह, डॉ0 घनश्याम यादव (राजभवन मैनेजर), डॉ रामकरन यादव, अब्दुल रज्जाक, मैकूलाल गुप्ता, डॉ दिलीप, डॉ अनिल, डॉ आशुतोष डॉ रणजीत, अफसार अहमद उदय, नवल, विजय, डॉ सत्य प्रकाश सिंह, त्रिभुवन नाथ मिश्र टण्डन, संतोष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### लोक अदालत का 11 दिसम्बर को होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया है कि 11 दिसम्बर 2021 को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय कौशाम्बी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा जिसमें मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं पारिवारिक वाद बैंक वसूली विद्युत के मामले श्रम सम्बन्धी लेबर सम्बन्धी जमीन सम्बन्धी चालानी व अन्य प्रकार से संबंधित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

### वाहनों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा मास्क न लगाने एव सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 111 वाहनों का ई चालान किया गया व 02 वाहनों का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# सांसद ट्रॉफी खेल महोत्सव प्रतियोगिता का सांसद विनोद सोनकर नें किया उदघाटन

अखंड भारत संदेश

## ब्लॉक स्तरीय उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियो ने दिखाई झण्डी

**कौशाम्बी।** सांसद खेल महोत्सव सांसद ट्रॉफी का रविवार को सांसद विनोद सोनकर ने भरवारी कस्बे के भंवन्स मेहता कालेज में फीता काटकर कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया कौशाम्बी विकास परिषद द्वारा खेल आयोजित किया गया है। वही सांसद की प्रेरणा पर जनपद के आठो विकास खण्डो में भाजपा कि जिला पंचायत अध्यक्ष विधायकगण जिलाध्यक्ष एंव भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने हरी झण्डी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। गौरतलब हो कि कौशाम्बी विकास परिषद के द्वारा जनपद के आठ विकास खण्ड सिराथू कडा मूरतगंज सरसवां मंझनपुर चायल नेवादा व कौशाम्बी में 21 नवम्बर रविवार से खेल महोत्सव की शुरूआत की गई। सांसद विनोद सोनकर ने भंवन्स मेहता में उदघाटन के दौरान कहा कि उनके द्वारा यह एक अभिनव प्रयास किया गया है कि ग्रामीण स्तर पर खेल के माध्यम से प्रतिभा को उकेरा जाए जिससे उन्हे जिला, मण्डल, राज्य, नेशनल स्तर पर खेल में प्रतिभाग करने का मौका मिले। सांसद ने कहा कि बीते वर्ष कोरोना काल के दौरान छात्र-छात्राओ को घर में बैठ कर आनलाइन पढाई करनी पडी,जिससे उन्हे शारीरिक योगाभ्यास का मौका नही मिला। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओ की प्रतिभा में जहा निखार आयेगा,वही उनके उज्जल



खेल शुभारंभ के मौके पर मौजूद सांसद विधायक व अन्य

भविष्य का पथ प्रर्दशित करेगा। उन्होने बताया कि जनपद के सभी ब्लाको में रविवार को खेल प्रतियोगिता का आगाज हो चुका है। जो 27 नम्बर को ब्लाक स्तर पर समापन किया जायेगा। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के तमाम कार्यकर्ता,शिक्षक एंव छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वही कड़ा ब्लॉक में विधायक सिराथू शीतला पटेल, कौशाम्बी ब्लॉक आदर्श इंटर कॉलेज मैदान सराय अकिल में संतोष सिंह पटेल,चायल ब्लॉक मेला मैदान बलीपुर टाटा में विधायक चायल संजय गुप्ता नेवादा ब्लाक सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज सराय अकिल में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर,मंझनपुर ब्लॉक स्थान पॉलिटेक्निक टेवा मैदान में अमरनाथ मौर्य, सरसवां ब्लॉक मिनी स्टेडियम मैदान पश्चिम सरीरा में मंझनपुर विधायक विधायक लाल बहादुर,सिराथू ब्लॉक विट्ठल भाई इंटर कॉलेज मैदान उदाहींन खुर्द में जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने खेल प्रतियोगिता का उदघाटन किया।

### प्रतियोगिता में विजेता टीम की घोषणा

**कौशाम्बी।** मूरतगंज विकास खण्ड में 100 मी0 दौड बालक वर्ग में अलोक सिंह प्रथम, सियाचन्द्र द्वितीय,अकुल यादव तृतीय रहे। जबकि महिला वर्ग में आदिति गुप्ता प्रथम,छवि प्रजापति द्वितीय,रोशनी तृतीय रहे। वही कडा विकास खण्ड में 3000 मी0 दौड में बालिका वर्ग में विजेता लाडली पाल तथा 800 मीटर में प्राची पाल तथा 400 मी0 में पूजा र्मार्या। नेवादा विकास खण्ड में क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम मैंच नया खोपा व इमली गांव के बीच हुआ,जिसमें नया खोपा टीम विजई रही। दूसरा मैच बल्लूपुर नेवादा व सिंकदरपुर अइमा के बीच हुआ,जिसमें सिकंदरपुर आइमा टीम विजई रही। चायल विकास खण्ड में पुरूष वर्ग की 800 मी0 दौड प्रतियोगिता में समर सिंह व महिला वर्ग में सिप्रा कुमारी विजेता घोषित हुए। विकास खण्ड मंझनपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता में सइबसा व पवइया गांव के बीच मैच हुआ। जिसमें पवैया टीम विजेता रही। जबकि दूसरी मैच अशाढा व कोतारी पश्चिम के बीच में मैच हुआ,जिसमें कोतारी पश्चिम टीम विजेता रही। यह जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडेय ने दी।

## न्यूज झरोखा

### बोलेरो की टक्कर से महिला सहित दो घायल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवां पुलिस चौकी के सामने पश्चिम शरीरा मोड़ टेवां बाजार में फूल की दुकान के पास खड़ी पश्चिम शरीरा निवासी महिला लक्ष्मी देवी पत्नी गंगा प्रसाद को बोलेरो ने टक्कर मार दी है बोलेरो की टक्कर लगने से महिला के दोनों पैर टूट गए वही साइकिल से जा रहे कमलेश मौर्य 20 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामधनी मौर्य निवासी टेवां की साइकिल में बोलैरो की टक्कर लगने से कमलेश मौर्य भी जख्मी होकर दूर छिटक गया जिससे उसको भी चोटें आई है कमलेश की साइकिल चकनाचूर हो गई मौके पर मौजूद पुलिस चौकी इंचार्ज टेवां अरुण मौर्य ने घायल महिला को और युवक को पुलिस जीप से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पुलिस की मौजूदगी में चोरी हुई बाइक

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशाम्बी थाना अन्तर्गत मेडरहा गांव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के कार्यक्रम के दौरान बारा गांव निवासी धर्मराज यादव की मोटर साइकिल व हाशिमपुर निवासी दुर्गेश का 5 हजार रुपया भी चोरों ने पार कर दिया पुलिस की मौजूदगी में बाइक वा रुपए गायब हो गए काफी खोजने के बाद भी सुराग नही लग सका जबकि कार्यक्रम के दौरान थाना कौशाम्बी सहित कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद थी फिर भी थाना कौशाम्बी क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है।

### चोरी के समान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा नेनुआ सलेमपुर से संदिग्ध महिला व पुरुष की जामातलशी ली गयी तो महिला के कब्जे से चोरी की गई मंगलसूत्र पुरुष के कब्जे से एक अदद रेडमी एन्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद कर बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** अलग अलग थानों द्वारा दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 गौरव त्रिवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त रमेश उर्फ छोटू यादव पुत्र मुकेश यादव निवासी शहजादपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त बब्लू पुत्र दुक्खा निवासी थाम्भा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# मैं भी जलेबी वाला हूं .... संजय विधायक

अखंड भारत संदेश

## जनता ने कहा संजय गुप्ता जैसे जननायक चायल में हम बार-बार चुनना करेंगे पसंद

## सपा नेता इंद्रजीत सरोज के जलेबी वाले बयान पर चायल विधायक संजय गुप्ता ने दिया करारा जवाब

**भरवारी कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने रविवार को अपने गृह नगर भरवारी में सैकड़ों समर्थकों के साथ मुसई हलवाई की दुकान पर जलेबी बना कर सभी लोगों को खिलाया और कहा कि क्या जलेबी बनाना अपराध है या जलेबी वाला होना अपराध है उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता इंद्रजीत सरोज के उस बयान का करारा जवाब देते हुए कहा कि क्या जलेबी वाला विधायक नहीं बन सकता।

प्रेस मीडिया कर्मियों से बात करते हुए चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि शनिवार को मेरी विधानसभा चायल के मखऊपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने बहुत ही बेतुका बयान दिया कि उन्होंने जलेबी वाले पर एक बहुत ही तीखी टिप्पणी किया सपा नेता इंद्रजीत सरोज के बयान से चायल के 20 प्रतिशत बैश्य मतदाताओं में आक्रोश व्याप्त है विधायक ने कहा कि जलेबी हमारी राष्ट्रीय मिठाई जलेबी है जलेबी हमारे किसानों की गरीबों की मजदूरों की व्यापारियों की उद्योगपतियों की बच्चों की नौजवान व बुजुर्गों की सबसे प्रिय मिठाई है। जलेबी बनाने वाले को अपमानित करने का अधिकार सपा नेता को किसने दिया है विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि इंद्रजीत का जो पुराना




जलेबी बनाते चायल विधायक संजय गुप्ता

इतिहास रहा है वह सदैव किसी ना किसी जातिगत पर टिप्पणी करते रहे हैं उन्होंने ऐसी पार्टी का दामन थामा जो गुंडों की पार्टी है और बहन जी की इज्जत लूटना चाहते थे और बहन जी को जान से मारना चाहते थे आज ऐसे पार्टी के वह महासचिव हैं इन्होंने तो बहन जी को भी धोखा दिया विधायक ने साफ तौर पर आगाह करते हुए कहा कि जलेबी तो यादव,मौर्या वैश्य और अन्य समाज के लोग व अन्य संप्रदाय के लोग भी बनाते हैं किसी व्यापारियों पर जातिगत टिप्पणी करना यह अशोभनीय है विधायक ने जलेबी बना कर संदेश दिया कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता तुच्छ समझने वाले नेता अपनी मानसिकता बदल ले व पूरे समाज के व्यापारियों से उन्हें क्षमा मांगना चाहिए इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद काले, जगदीश शिवहरे, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र केसरी, भाजपा नेता अशोक केसरवानी ,शंकर लाल केशरवानी, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सूरज यादव, वेदांत उपाध्याय ,उपांशु केसरवानी, सुधीर केसरवानी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष कुमार गुप्ता, पवन त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री हर्ष केसरवानी, भाजपा युवा नेता सत्यम कौशल, कल्लू केसरवानी, अतिन केसरवानी, मुकेश केसरवानी, जितेंद्र मिश्रा, करुणेश त्रिपाठी, रामप्रकाश केसरवानी सहित सैकड़ों की तादात में व्यापारी मौजूद रहे और सभी व्यापारियों ने कहा कि मैं भी जलेबी वाला हूं और जलेबी वाले के साथ हूं मौके पर मौजूद नगरवासियों ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारा विधायक जलेबी वाला है जो सर्व समाज की चिंता करता है और सभी के सुख दुख में पहुंचकर हिस्सा लेने वाले संजय गुप्ता पहले विधायक हैं ऐसे जननायक चायल में हम बार-बार चुनना पसंद करेंगे।

### इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सराय अकिल व एसओजी की संयुक्त टीम के द्वारा बीस हजार रुपए के इनामिया वाछित अभियुक्त जीतू पुत्र स्व० सुखराम सरोज निवासी ग्राम बरई बंधवा थाना करारी को मुखबिर की सूचना पर बड़े तालाब मोड़ के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में दो वारण्टी अभियुक्तो को पुलिस बल द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त मो० सलमान पुत्र अमीर उद्दीन निवासी ईदगाह मदरसा कस्बा भरवारी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त रामचंद्र पुत्र राधे पटेल निवासी महेशपुर गनपा थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# उज्जवला योजना में गैस एजेंसी संचालक कर रहे हैं उपभोक्ताओं से अवैध वसूली

## पीएम के निशुल्क गैस कनेक्शन योजना में खुलेआम कनेक्शन धारकों से अवैध वसूली किए जाने के बाद अधिकारियों ने नही की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों को फ्री गैस कनेक्शन देने की बात कर रहे हैं उनके सांसद विधायक मन्त्री भी सरकार की योजना का प्रचार प्रसार कर योजना का गुणगान कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री की गैस योजना में गैस एजेंसी संचालक चपत लगाकर गरीब कनेक्शन धारकों से अवैध वसूली कर उनका शोषण कर रहे हैं प्रधानमंत्री के निशुल्क गैस कनेक्शन योजना में खुलेआम गैस एजेंसी संचालक द्वारा कनेक्शन धारकों से अवैध वसूली किए जाने के बाद अधिकारियों ने अभी तक एजेंसी संचालको के कारनामे को संज्ञान लेकर उस पर मुकदमा दर्ज कराया जाना उपभोक्ताओं की रकम वापस कराया जाना और गैस एजेंसी को निरस्त किए जाने की संस्तुति नहीं की है जिससे अधिकारियों की भी घोर लापरवाही उजागर हो रही है। चायल तहसील क्षेत्र के संतोष आर्मी इंडियन गैस एजेंसी ब्रांच लोधौर मे उज्जवला योजना के गरीब कनेक्शन धारकों से एजेंसी संचालक और उनके कर्मचारी मनमानी वसूली करके नया कनेक्शन दे रहे हैं जिससे उज्जवला कनेक्शन धारकों में आक्रोश व्याप्त है उज्जवला योजना कनेक्शन धारकों ने एजेंसी संचालक पर प्रति कनेक्शन चार सौ रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाया है उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें चार सौ रुपए अतिरिक्त रकम नहीं दी जाती है तो वह बार-बार एजेंसी चक्कर लगवाते हैं और परेशान करते हैं लोगों ने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से की है लेकिन गैस एजेंसी संचालक के कारनामे पर रोक नहीं लग सकी है।

# किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले निर्दोष किसानों को शहीद का दर्जा दे केंद्र सरकार : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने केंद्र सरकार से किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले तमाम निर्दोष किसानों को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग की है। उदहिन बुजुर्ग में आयोजित चौपाल में बोलते हुए समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने केंद्र सरकार से मांग किया है कि आंदोलन में जान गंवाने वाले तमाम निर्दोष किसानों को जल्द ही सरकार शहीद का दर्जा दे। इतना ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार से अजय सोनी ने मृत किसानों के परिवार वालों को एक एक करोड़ रुपए का नगद मुआवजा और परिवार के किसी एक व्यक्ति को केंद्र सरकार के विभागों में सरकारी पक्की नौकरी दिए जाने की मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन किसान विधेयकों की वापसी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सैकड़ों किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। अब जबकि केंद्र सरकार ने तीनों किसान विधेयकों को वापस लिए जाने का ऐलान कर दिया है, ऐसे में यह जरूरी होगा कि केंद्र सरकार तत्काल सभी मृत किसानों को शहीद का दर्जा देते हुए उनके परिजनों को समुचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी प्रदान करे। पार्टी के कार्यकर्ता रामबाबू गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे आशीष मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा ने अभी हाल ही में लखीमपुर खीरी में निर्दोष किसानों के ऊपर चार पहिया वाहन चढ़ाकर जान से मार दिया था। इसी तरह की अन्य तमाम अमानवीय घटनाओं से तमाम निर्दोष किसानों की असमय मौत हो गई थी। ऐसे में केंद्र सरकार को देश के किसानों से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए और दोषियों पर समुचित कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए। इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने तीनों किसान विधेयकों की वापसी पर खुशी जाहिर की और एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान राम सुमेर सोनी, अनेक बाबू साहू गुरु, सतीश तिवारी, राज किशोर दिवाकर, राजेश सरोज, गौतम कुमार गुप्ता, अनिल केसरवानी, संजय सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## देश के किसानों के संघर्ष की जीत है कृषि कानूनों की वापसी : अजय सोनी

### गाजे बाजे के साथ किसानों को मिठाई खिलाकर सकिपा ने किया कृषि विधेयकों की वापसी का स्वागत

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा तीनों कृषि विधेयकों की वापसी का स्वागत गाजे बाजे के साथ किसानों को मिठाई खिलाकर किया है। पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जैसे ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीनों कृषि कानूनों की वापसी की खबर सुनी, खुशी से झूम उठे। इस दौरान अजय सोनी भावुक होकर कई किसानों से कृषि कानूनों की वापसी की खुशी साझा की, साथ ही कृषि कानूनों की वापसी को लेकर समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में विगत एक वर्ष से अधिक समय तक किए गए कई आंदोलनों का जिक्र भी किया। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा विगत वर्ष में कोरोना महामारी से निपटने में नाकाम रहने पर अपनी नाकामी छुपाने के लिए कोरोना महामारी के बीच तीन काले कृषि कानून लाए गए थे जिनका पूरे देश के करोड़ों किसान लगातार विरोध कर रहे थे। जनपद कौशांबी एवं स्थानीय जनपदों में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में भी इन काले कानूनों की वापसी को लेकर तमाम आंदोलन किए गए थे और पिछले साल सत्रह सितम्बर को कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर समर्थ किसान पार्टी द्वारा किए गए आंदोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं के ऊपर जिला प्रशासन ने मुकदमा भी दर्ज कराया था। अजय सोनी ने बताया कि चाहे पिछले साल की कड़ाके की ठंड रही हो या इस साल की भयंकर गर्मी और लू, समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता इन तीनों कानूनों की वापसी की मांग को लेकर लगातार आंदोलन किए थे जो अब तक लगातर बदस्तूर जारी था। आज केंद्र सरकार द्वारा तीनों किसान विरोधी विधेयकों को वापस लिए जाने के साथ ही आंदोलन की सफलता पर अजय सोनी ने पार्टी कार्यकर्ताओं सहित सभी किसानों को बहुत बहुत बधाई दी और केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार देर आए दुरुस्त आए की नीति पर चलते हुए उत्तर प्रदेश के भावी विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार से डरकर तीनों किसान विधेयकों को वापस लिया है, जिसका हम पार्टी की ओर से स्वागत करते हैं। आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों किसान विधेयकों की वापसी की मांग को लेकर पूरे देश भर में साल भर से ज्यादा समय तक चले आंदोलन में करीब सात सौ किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी जिसका हम सब को भारी दुख है। आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तीनों किसान विधेयकों की वापसी के ऐलान के बाद आज उन मृत किसानों की आत्मा भी खुश हो गई होगी। इस के साथ अजय सोनी ने तीनों किसान विधेयकों की वापसी की मांग को लेकर देश भर में हुए आंदोलनों में जान गंवाने वाले सैकड़ों किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस दौरान अजय सोनी ने अपने आवास पर पार्टी के तमाम कार्यकताओं के साथ गाजे बाजे एवं मिठाई खाते खिलाते नाचते एवं झूमते नजर आए। अजय सोनी ने कई किसानों को अपने हाथ से मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और सभी किसानों को किसान विधेयकों की वापसी को लेकर बधाई दी। इस अवसर पर राम नरेश मौर्य, डॉ शिव प्रसाद वर्मा, जय सिंह यादव, मुन्ना लाल दिवाकर, झंडुल लोधी, विपिन पांडेय, राम प्रसाद मौर्य, राम सुमेर सोनी, अर्जुन सिंह पटेल, बच्चा लाल गौतम, जुम्मन अली, सुबराती मियां आदि लोग मौजूद रहे।

### कसानों को हासिल हुई असली आजादी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोनी ने कहा कि देश के करोड़ों किसानों के जीवन को नर्क बना देने वाले काले कृषि कानूनों की केंद्र सरकार द्वारा वापसी निश्चित ही स्वागत योग्य कदम है।उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि इन तीनों कृषि कानूनों की वापसी के साथ ही देश के किसानों को असली आजादी हासिल हुई है और अब से आगे देश का किसान आत्मनिर्भर महसूस करेगा।

# सपा बसपा कांग्रेस छोड़कर तमाम लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

## बेरवा चौराहे पर चायल विधायक संजय गुप्ता द्वारा चलाया गया भाजपा सदस्यता अभियांन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा विधानसभा क्षेत्र चायल के बेरूवा चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए सदस्यता अभियान चलाया गया है कार्यक्रम के मौके पर मौजूद लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार से ही देश का विकास संभव है उन्होंने कहा कि अन्य राजनैतिक दल तो देश में तोड़ मरोड़ की राजनीति करते हैं ऐसे राजनीतिक दल के लोगों से सावधान रहने की जरूरत है इस मौके पर समाजवादी पार्टी बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस पार्टी छोड़कर सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है इस



राजनैतिक दल छोड़कर भाजपा की सदस्यता लेने वालों की लगी रही भीड़

मौके पर दीपचंद दिवाकर राममिलन चौधरी अशोक कुमार केसरवानी संजय कुमार जितेंद्र मिश्रा रामनरेश बंदूकी लाल शैलेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वैश्य समुदाय को अपमानित कर सत्ता पाने का ख्वाब देखने वाले इंद्रजीत सरोज को वैश्य समुदाय चटायेगा घूल : संजय विधायक

अखंड भारत संदेश

### 20 प्रतिशत बैश्य मतदाताओं को अपमानित करना सपा नेता इंद्रजीत सरोज को पड़ सकता है महंगा

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के नेता इंद्रजीत सरोज पूर्व काबीना मंत्री लगातार बैश्य समुदाय को अपमानित कर सूबे की सत्ता में काबिज होने का सपना देख रहे हैं लेकिन उनका यह सपना वैश्य समुदाय के मतदाता चकनाचूर कर देंगे चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व काबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज लगातार चुनावी सभा में वैश्य समुदाय के मतदाताओं का घोर अपमान कर रहे हैं बसपा से निकाले जाने के बाद समाजवादी में शामिल होने वाले इंद्रजीत सरोज लगातार 5 वर्षों से वैश्य समदाय पर मंच से तीखा प्रहार कर अशब्दों का प्रयोग कर बैश्य मतदाताओं को बार बार अपमानित कर रहे हैं लेकिन उन्हें वैश्य समुदाय के मतदाताओं की ताकत का पता नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की संख्या में वैश्य समुदाय की 20% भागीदारी है और वैश्य समुदाय आने वाले विधानसभा के चुनाव में समाजवादी के नेताओं से अपमान का बदला लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं को धूल चटाएगा उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में सभी समुदाय के लोगों के साथ-साथ वैश्य समुदाय का भरोसा भाजपा के साथ है जिसे समाजवादी नेता डिगा नहीं सकते हैं उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब राजनीति में वैश्य समुदाय के मतदाताओं का जिस राजनीतिक दल ने अपमान किया है उस राजनीतिक दल के प्रत्याशी को पराजय का मुंह देखना पड़ा हैं और इस बार तो इंद्रजीत सरोज खुलेआम वैश्य समुदाय का मंच से बार बार अपमान कर रहे हैं लेकिन बैश्य समुदाय के मतदाता चुप होकर बैठने वाला नहीं है सपा नेता इंद्रजीत सरोज और सपा पार्टी के अपमान का बदला लेते हुए समाजवादी के विरोध में मतदान कर बैश्य मतदाता उन्हें धल चटाएगा।

# फाउंडेशन द्वारा मतदाता सूची में नए नाम शामिल कराने का चलाया अभियान

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के भगवतपुर में ग्राम प्राथमिक विद्यालय में मतदाता सूची में नए नाम जोड़वाने वा गलत नाम को सही कराने के लिए मतदाता विशेष अभियान कैंप लगा कर लोगो को जोड़ने का काम किया गया।

इस अभियान में भगवतपुर के दोनो बूथों के बी एल ओ हिमांशू गुप्ता, कुलभूषण त्रिपाठी, क्षेत्रीय लेखपाल रवि कुमार विश्वकर्मा समाज सेवी वा कैंप के मुखिया शान्ती देवी कामगार फाउंडेशन डायरेक्टर प्रकाश दुबे ,ग्रामवासी अभिषेक सिंह, प्रधान पति भुखन द्विवेदी रहे कैंप सुबह से शाम तक कैम्प में मौजूद रह कर लगभग 30 से 45 फॉर्म का आवेदन जमा कराया।

## सम्पादकीय

### ईंधन कीमतों में हो सुधार

केंद्र सरकार द्वारा एयर इंडिया के संपूर्ण निजीकरण को मंजूरी दिए जाने से इस बात की आशा काफी बढ़ गई कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का विनिवेश भी प्रभावी ढंग से और योजना के मुताबिक इस वित्त वर्ष के समाप्त होने के पहले हो जाएगा। इसके बावजूद ईंधन अर्थव्यवस्था के प्रबंधन के व्यापक प्रश्न हैं जिन्हें फिलहाल पूछा जाना चाहिए। सबसे बड़ा सवाल पेट्रोल, डीजल और तरल पेट्रोलियम गैस अथवा एलपीजी की कीमतों के प्रबंधन से जुड़ा है। तथ्य यह है कि हाल के वर्षों में जहां इन कीमतों को तकनीकी तौर पर नियंत्रण मुक्त किया गया है, वहीं इसी अवधि में राजनीतिक तौर पर संवेदनशील मौकों मसलन अहम विधानसभा चुनाव आदि के समय कीमतों में बदलाव को स्थगित भी रखा गया। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि तीन सरकारी तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार से निर्देश मिलते हैं। यद्यपि कीमतों पर नियंत्रण की व्यवस्था पहले ही समाप्त हो चुकी है और कंपनियां पंप पर अपने स्तर पर कीमत तय करती हैं। एक तथ्य यह भी है कि बीपीसीएल के लिए सफल बोली लगाने वाला बोलीकर्ता अधिकतम मुनाफे के हिसाब से कीमत तय करना चाहेगा और उसका यह सोचना सही होगा कि सरकारी नीतियां ईंधन के व्यापक बाजार को दो सरकारी तेल विपणन कंपनियों की ओर सीमित नहीं करेंगी। फिलहाल कच्चे तेल की कीमतों में वैश्विक तेजी और उच्च घरेलू करों के कारण 'अंडर रिकवरी' (पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री पर होने वाला नुकसान) दोबारा पैदा हो गई है। तेल विपणन कंपनियों को न केवल प्रति लीटर बिकने वाले पेट्रोल और डीजल पर अंडर रिकवरी का प्रबंधन करना पड़ रहा है बल्कि उन्हें खुदरा बाजार में बिकने वाले हर गैस सिलिंडर पर भी 100 रुपये का नुकसान सहन करना पड़ रहा है।

यह व्यवस्था बीपीसीएल के विनिवेश के बाद जारी नहीं रहने दी जा सकती। यदि मुनाफे की चाह में बीपीसीएल प्रति लीटर कीमत को वाणिज्यिक हकीकतों के अनुरूप रखती है तो उसे सरकारी कंपनियों के समक्ष मुश्किल का सामना करना होगा क्योंकि वे कीमत के मामले में सरकार से निर्देश लेंगी जिससे जाहिर तौर पर बाजार में अस्थिरता आएगी। एलपीजी का बाजार और भी दिक्कतदेह है क्योंकि सरकार का जोर कीमतों को तयशुदा स्तर पर रखने पर है। सरकार को अभी सरकारी तेल विपणन कंपनियों को वह राशि भी लौटानी है जो उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गंवाई। यह राशि करीब 3,000-4,000 करोड़ रुपये है। सच यह है कि एक ओर तो सरकार ने कीमत पर नियंत्रण के कुछ तत्त्व बरकरार रखने का प्रयास किया है तो वहीं दूसरी ओर उसने ईंधन कर के माध्यम से राजस्व की कमी की भरपाई करने का भी प्रयास किया है। इसमें दो राय नहीं कि कार्बन पर उच्च कर लगाना अच्छी बात है लेकिन इसे तार्किक होना चाहिए तथा समूची अर्थव्यवस्था पर प्रभावी होना चाहिए। इसे केवल राजकोषीय वजहों से लगाना उचित नहीं। प्रभावी ढंग से देखें तो सरकार ने केवल उपभोक्ताओं को नहीं बल्कि राजनीतिक वजहों से मध्यवर्ती कंपनियों का भी दोहन किया है। ईंधन कीमतों को तार्किक बनाना काफी समय से लंबित है। यह कैसे होगा इसके बारे में पहले से पर्याप्त जानकारी हैः वैश्विक ईंधन कीमतों का उपभोक्ताओं तक सीधा पारेषण होने दिया जाए, तेल विपणन कंपनियां बहुत कम मार्जिन पर प्रतिस्पर्धा करें, एक निरंतरता भरा ईंधन कर हो जिसमें कार्बन की कीमत शामिल हो और जिसे केंद्र और राज्य साझा करें, तथा पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की ऊंची कीमतों से सर्वाधिक प्रभावित वर्ग के लिए केंद्रीय बजट से परे प्रत्यक्ष सब्सिडी की व्यवस्था हो। बीपीसीएल का विनिवेश इन दीर्घकाल से लंबित कर और कीमत सुधार को प्रस्तुत करने का सही अवसर है।

# एफडीआई की तेज आवक बदलेगी भारत की तस्वीर

इकबाल का एक शेर है- कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी/ सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-जमाँ हमारा। कोरोना जैसी भीषण वैश्विक महामारी से जूझते भारत को लेकर दुनिया भर के निवेशकों का रुख सकारात्मक बना हुआ है। उन्हें भारत में अपना पैसा निवेश करने पर बेहतर रिटर्न की उम्मीद बंधी रहती है। यह गवाही है कि हमारी अर्थव्यवस्था चट्टान की तरह मजबूत हो चुकी है। अगर यह बात सच न होती तो अप्रैल से दिसंबर, 2020 के दौरान, 67.54 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष पूंजी निवेश (एफडीआई) देश में ना आया होता। यह किसी वित्तीय वर्ष के पहले 9 महीनों में आया सबसे अधिक एफडीआई है। वित्त वर्ष 2020-21 के पहले 9 महीनों के दौरान, एफडीआई में 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जो कि इस अवधि में 51.47 अरब अमेरिकी डॉलर था। बहुत ज्यादा आंकड़ों के सहारे बात नहीं करेंगे। दरअसल भारत में एफडीआई सरकार की नीतियों और कुछ सेक्टरों के बेहतर प्रदर्शन करने के कारण आ रहा है। यह बात निर्विवाद है। पहले जान लेते हैं कि एफडीआई क्या है इसका मतलब क्या होता है भारत की अर्थव्यवस्था को विदेशी निवेश कैसे लाभ पहुंचाता है दरअसल किसी विदेशी व्यक्ति या कंपनी द्वारा किसी भारतीय कंपनी में लगने वाले पैसे को विदेशी निवेश कहा जाता है। विदेशी निवेशक उस कंपनी के शेयर या बांड खरीद सकता है या अपना कोई उद्योग लगा सकता है। याद रखें कि विदेशी निवेशक अपने पैसे को स्वदेश वापस ले जाने के लिए आजाद है। मतलब किसी भी दूसरे देश की परियोजना या कंपनी में किया जाने वाला निवेश एफडीआई है। यह सीधा निवेश होता है और लंबी अवधि के लिए होता है। भारत के चौतरफा विकास में एफडीआई का अहम रोल रहता है। इसके आने से देश का चौतरफा विकास होता है। यह बिना कर्ज लिए पूंजी जुटाने का एक महत्वपूर्ण रास्ता है। यह भी जान लें कि एफडीआई ह्यग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्डह्ल क्या होती है। अगर कोई विदेशी कंपनी

**आर.के. सिन्हा**

भारत में निवेश कर अपना नया उद्योग लगाती है तो उसे ह्यग्रीनफील्डह्ल एफडीआई कहते हैं, लेकिन जब विदेशी कंपनी भारत में पहले से ही चल रहे कारखाने या ब्रांड में हिस्सेदारी खरीदकर या अधिग्रहण कर उसके मैनेजमेंट पर अपना नियंत्रण हासिल कर लेती है तो उसे ह्यब्राउनफील्डह्ल एफडीआई कहा जाता है।दरअसल सरकार का प्रयास रहा है कि वह एक सक्षम और निवेशक अनुकूल एफडीआई नीति लागू करे। अगर बात साल 2014 से करें तो इस दिशा में उठाए गए कदमों का परिणाम है कि देश में एफडीआई प्रवाह लगातार, रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ता जा रहा है। भारत में सबसे अधिक एफडीई आ रही है इंफोरमेशन टेक्नालॉजी (आईटी) सेक्टर में। सबको पता है कि इस सेक्टर ने भारत की किस्मत बदल दी है। देश के करोड़ों नौजवान आईटी सेक्टर से किसी ना किसी रूप में जुड़े हुए हैं। ये सब बेहतर सैलरी लेकर अपने परिवारों का जीवन भी सुधार रहे हैं। भारत चाहे तो कपड़ा, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रानिक, फार्मा, आटो वगैरह सेक्टरों में मोटा एफडीआई आकर्षित कर सकता है। इस तरफ गौर करना होगा। हाथ पर हाथ धर करके नहीं बैठा सकता।

सरकार को पता है कि बिना मोटा एफडीआई देश का कल्याण नहीं हो सकता। इसीलिए सरकार अनेक कदम उठाती रही है। भारत में जिस गति से एफडीआई आ रही है, उससे साफ है कि वैश्विक निवेशकों के बीच भारत एक पसंदीदा निवेश की जगह के तौर पर स्थापित हो चुका है। यह बात संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट से सामने आई है। हमें अब कोशिश करनी होगी कि हम दुनिया के पहले उन तीन देशों में आ जाएं जिन्हें सबसे ज्यादा एफडीआई मिलती है। अभी हमारा स्थान पांचवां है। हमें पहले तीसरे स्थान पर और फिर पहले स्थान के लिए कोशिश करनी होगी। कोशिश करेंगे तो बात बन भी जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया कि देश में कोविड की दूसरी लहर के बावजूद भारत में एफडीआई की आवक साबित करती है कि निवेशक हमें पसंद करने लगे हैं। अब यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि भारत के किस राज्य में सबसे अधिक एफडीआई पहुंची है। इस लिहाज से कर्नाटक सबसे आगे है। वित्त वर्ष 2021-22 (जुलाई, 2021 तक) के दौरान कुल एफडीआई 45 प्रतिशत हिस्से के साथ कर्नाटक में सबसे ज्यादा आया। इसके बाद महाराष्ट्र (23 प्रतिशत) और दिल्ली (12 प्रतिशत) का स्थान रहा है। कर्नाटक और महाराष्ट्र भारत की अर्थव्यवस्था की आत्मा हैं। कर्नाटक तो भारत की आईटी राजधानी है। उसका एफडीआई हासिल करने में पहला स्थान हासिल करना हैरान नहीं करता। वहां पर ही हैं देश की चोटी की आईटी कंपनियां। यह सब जानते हैं। बेशक महाराष्ट्र आजादी के बाद से ही देश का सबसे प्रमुख औद्योगिक राज्य रहा है। समय के साथ हुई इनकी आर्थिक प्रगति ने देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान की है। नब्बे के दशक में शुरू हुए आर्थिक उदारीकरण का लाभ उठाते हुए इसनेअपनी जीडीपी को मजबूत बनाया और वर्तमान में जीडीपी के हिसाब से महाराष्ट्र देश का सबसे अग्रणी राज्य है। आज पाकिस्तान से बड़ी है महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था। महाराष्ट्र की जीडीपी का आकार पाकिस्तान की जीडीपी से अधिक है। ना केवल पाकिस्तान बल्कि मिस्त्र और दुनिया के 38 अन्य देशों की अर्थव्यवस्था से महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था बड़ी है। टैक्स संग्रहण के मामले में भी महाराष्ट्र सबसे अव्वल है। देश के अन्य राज्यों को भी इन सूबों के हिसाब से चलना होगा। वे केंद्र के रहमोकरम पर नहीं रह सकते। देश के बाकी राज्यों को ठोस प्रयास करने होंगे कि उनके राज्यों में भी भारी एफडीआई आए। यह जानना जरूरी है कि सबसे ज्यादा एफडीआई सिंगापुर से आती है। उसके बाद अमेरिका का नंबर आता है। हमें एफडीआई की ताजा आवक से खुश नहीं होना। अभी संतोष करने का वक्त नहीं है। अभी तो मंजिल बहुत दूर है।

# हिंदी में ही व्यक्त होता है भारतवर्ष

**हृदयनारायण दीक्षित**

ध्वनि का रूप नहीं होता। संसार रूपों से भरापूरा है। समाज रूप को नाम देता है। नाम शब्द ध्वनि होते हैं। भारतीय चिंतन में शब्द को ब्रह्म कहा गया है। प्रत्येक शब्द का अर्थ होता है। प्रत्येक शब्द ध्वनि होता है। ध्वनि के रूप का अर्थ निश्चित हो जाने के बाद शब्द का जन्म होता है। शब्दों के व्यवस्थित प्रयोग से भाषा बनती है। भाषा सामाजिक संपदा है। भाषा सामाजिक सरोकारों का उपकरण है। भाषा समाज गढ़ने का भी माध्यम है। समाज ही भाषा गढ़ता है। भाषा संस्कृति की संवाहक है। शब्द भाषा के घटक हैं। भाषा और शब्द मूल्यवान हैं। वृहदारण्यक उपनिषद में शब्द को ब्रह्म कहा गया है। ऐतरेय उपनिषद् में वाणी के उद्भव का विवरण है। शब्द की क्षमता विराट है। पुराणों के अनुसार ईश्वर को भी शब्द से प्राप्त किया जा सकता है। वैदिक स्तुतियाँ शब्द ही हैं। बाइबिल के अनुसार प्रारंभ में शब्द ही था। भाषा मनुष्य द्वारा रचित सबसे बड़ी संपदा है। भाषा से इतिहास है, भाषा से संस्कृति है, भाषा से प्रीति है और भाषा से सभ्यता। हिन्दी भारत की स्वाभाविक प्रीति है। राष्ट्र हिन्दी में व्यक्त होता है, हिन्दी में दुखी होता है और हिन्दी में ही आनन्दित। हिन्दी भारत की राजभाषा है। लेकिन दुर्भाग्य से हिन्दी को वह स्थान नहीं मिला जिसका उसे अधिकार है। यहां अंग्रेजी का आकर्षण है। अंग्रेजी के वर्चस्व और आकर्षण से आहत महात्मा गाँधी ने लिखा था पृथ्वी पर हिन्दुस्तान ही एक ऐसा देश है जहाँ माँ-बाप अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना पसंद करेंगे। अंग्रेजी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा कहा जाता है, लेकिन भारत में एक प्रतिशत लोग भी अंग्रेजी नहीं जानते। जापान, रूस, चीन आदि देशों में अंग्रेजी की कोई हैसियत नहीं है। भारत के बाहर अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इण्डोनेशिया, बांग्लादेश, फ्रांस, जर्मनी, सउदी अरब, रूस आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। एशिया महाद्वीप के 48 देशों में ही भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजर वैजानकी भाषा, अजेरी और तुर्की, अरमेनियम की अरमेनियम, इजराइल की हिब्रू, इरान की फारसी, सउदी अरब, सीरिया, जार्डन, यमन, बहरीन, कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताइवान, सिंगापुर की मंदारिन, दोनों कोरिया की कोरियाई, लंका की सिंहली है। भारतीय संविधान सभा में राजभाषा पर लम्बी बहस चली थी। पंडित नेहरू ने कहा था हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की कि वह विजेता की भाषा थी। अंग्रेजी चाहे कितनी ही अच्छी हो, किन्तु उसे हम सहन नहीं कर सकते।ह्ल बेशक अंग्रेजी विजेता की भाषा थी। 1947 के बाद हिन्दी भी विजेता की भाषा है। अंग्रेज जीते। अंग्रेजी लाये। हम भारत के लोग स्वाधीनता संग्राम जीते लेकिन अपनी मातृभाषा को प्रतिष्ठित नहीं कर पाये। 12 सितम्बर, 1949 को एनजी आयंगर ने संविधान सभा में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा। 15 वर्ष अंग्रेजी को जारी रखने का कारण बताया। कहा कि हमें यह मानना चाहिए कि हिन्दी समुन्नत भाषा नहीं है।

दुर्भाग्य से राजभाषा के प्रस्तावक आयंगर ही हिन्दी को कमतर बता रहे थे। स्वाधीनता संग्राम की भाषा हिन्दी थी। अंग्रेज स्वाभाविक ही अंग्रेजी को वरीयता दे रहे थे। प्रत्येक भाषा के संस्कार होते हैं। भारत में अंग्रेजी भाषा के साथ विदेशी संस्कार भी आए। प्रभु वर्ग के मन वचन में अंग्रेजी का आकर्षण बढ़ा। गाँधी जी ने कहा था कि अंग्रेजी ने हिन्दुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इस बात को अपने देश और मानवता के प्रति अपराध मानता हूं। गाँधी जी ने बीबीसी पर कहा दुनिया वालों को बता दो, गाँधी अंग्रेजी नहीं जानता। अंग्रेजी हिन्दी की तरह व्यवस्थित व्याकरण अनुशासित भाषा नहीं है। हिन्दी में दुनिया की श्रेष्ठ भाषा संस्कृत के संस्कार हैं। अमेरिकी भाषा वैज्ञानिक ब्लूम फील्ड ने ह्यलैंगवेजह्य में लिखा था कि यार्कशाय के व्यक्ति की अंग्रेजी को अमेरिकी नहीं समझ पाते। भाषाविद् चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने भाषा और समाज में लिखा है कि अंग्रेजी के भारतीय प्रोफेसरों को हालीवुड की फिल्म दिखाइए। पूछिए कि वे कितना समझे। व्याकरण, लिपि और शब्द ध्वनि की भिन्नता के कारण अंग्रेजी बोलने के अनेक ढंग हैं। लेकिन हिन्दी सुबोध है। भाषा संस्कृति की संवाहक होती है। गाँधी जी ने लखनऊ में अखिल भारतीय भाषा सम्मेलन में कहा मेरी हिन्दी टूटी-फूटी है, मैं टूटी-फूटी हिन्दी ही बोलता हूं। अंग्रेजी बोलने में मुझे पाप लगता है। संविधान सभा में सेठ गोविंद दास ने हिन्दी का पक्ष रखा। आरबी धुलेकर ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बताया। मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है। राष्ट्रभाषा भी। अंग्रेजी की टक्कर हिन्दी से थी, हिन्दी की टक्कर भारतीय भाषाओं से नहीं है। सभी भारतीय भाषाएं भारतीय संस्कृति की संवाहक हैं। अंग्रेजी राजकाज की भाषा थी और हिन्दी राष्ट्रभाषा। अंग्रेजी भारतीय प्रीति-रीति-नीति और संस्कृति की भाषा नहीं है।

जीवन की सभी गतिविधियों में न्यायपालिका का काम अनिवार्य है। राष्ट्र जीवन की सभी गतिविधियों में न्यायपालिका की उपस्थिति है। न्याय किसी भी समाज का उच्चतम क्षेत्र होता है। व्यथित वादी देश की किसी भी भाषा में अपना अभ्यावेदन दे सकते हैं। यह अधिकार संविधान ने दिया है। न्यायालय कार्यवाही की भाषा मातृभाषा ही होनी चाहिए। इससे वादी व प्रतिवादी अपना पक्ष आसानी से समझ जाते हैं। न्यायालय की कार्यवाही उनकी समझ में आसानी से आती है। अंग्रेजी की न्यायिक कार्यवाही वादी प्रतिवादी नहीं समझ सकते। न्यायालयों में मातृभाषा का चलन जरूरी है। इंग्लैंड में पहले पार्लियामेंट नहीं थी। सन्-1300 तक विधि और प्रशासन की भाषा लैटिन थी फिर फ्रेंच भाषा का प्रयोग होने लगा। एडवर्ड तृतीय के समय लोग अपना प्रतिवेदन अंग्रेजी में देते थे, लेकिन अधिनियम लैटिन या फ्रेंच में ही बनते थे। धीरे-धीरे अंग्रेजी ने फ्रेंच और लैटिन को विस्थापित किया। ब्रिटेन में भी न्यायपालिका के क्षेत्र में अंग्रेजी को काफी संघर्ष करना पड़ा। क्रामवेल के समय माँग उठी कि विधि और न्याय के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग हो। सन्-1650 में तय हुआ कि न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी हो। ब्रिटेन में भी अंग्रेजी भाषा के न्यायालयों में प्रवेश के लिए काफी संघर्ष चला था। हिन्दी भाषा के लिए हम सबके प्रयास भी वैसे ही है। संविधान के अनुसार जब तक संसद विधि द्वारा उपबंध न करे तब तक उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में तथा विधेयकों, अधिनियमों की भाषा अंग्रेजी रहेगी। अनुच्छेद-348 के अनुसार उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय संसद के सदन व राज्य विधानमंडल के सदन में पुनर्स्थापित विधेयक के अधिकृत पाठ राष्ट्रपति व राज्यपाल के अध्यादेश अंग्रेजी में होंगे। अनुच्छेद-348 के खण्ड-2 में कहा गया है कि ह्वखण्ड-1 के खण्ड-क में किसी बात के होते हुए भी किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से उस उच्च न्यायालय की कार्यवाहियों में, जिसका मुख्य स्थान उस राज्य में है हिन्दी भाषा का या उस राज्य के शासकीय प्रयोजनाओं के लिए प्रयोग होने वाली किसी अन्य भाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा।ह्ल इसलिए उच्च न्यायालयों में अंग्रेजी के बजाय हिन्दी या किसी क्षेत्र विशेष में बोलने वाली भाषा का उपयोग संविधान सम्मत है। यही समय की माँग है। उप्र के वाराणसी में इसी माँग को लेकर एक सम्मेलन हुआ। इसका उद्घाटन केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। हिन्दी सहित सभी भारतीय भाषाओं की प्रतिष्ठा प्रशंसा हुई।

# मेलों से नहीं नजरिए में बदलाव से होगा बचपन संरक्षित

बाल अधिकार एक ऐसा विषय है जिसे वैश्विक स्तर पर जितनी अहमियत दी गई है उसकी तुलना में हमारे देश में आजादी के बाद 6-7 दशक तक यह अनदेखा रहा और इसी अनदेखी के चलते समय की मांग के अनुसार न तो कोई नई दृष्टि विकसित हो पाई है और न ही हम अपनी उस परंपरा को संजोकर रख पाए जिसमें बच्चा समाज की जिम्मेदारी होता था और पूरा समाज उसके विकास तथा संरक्षण के लिए कार्य करता था। किसी बच्चे के विकास और संरक्षण के लिए सबसे जरूरी यह होता है कि उसके प्रति समाज और सरकार का दृष्टिकोण क्या है।

अगर आजादी के बाद से देखे तो लंबे समय में ऐसा कोई भी दृष्टिकोण विकसित नहीं हुआ जिसमें बच्चे के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसके विकास और संरक्षण की दिशा में पर्याप्त कार्य हुआ हो। इसके उलट अनदेखी के कारण भारत की पुरातन परंपरा भी धूमिल पड़ने लगी जहां समाज ने ही बच्चे को संरक्षण दिया और उसके विकास के समान अवसर मुहैया कराए। वैश्विक स्तर पर प्रयासो की बात करें तो बाल अधिकारों की महत्ता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा 20 नवंबर को इसे विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत में बच्चों को लेकर ऐसा प्रयास नहीं किया गया है। बाल दिवस एक ऐसा ही प्रयास है। किंतु अगर दृष्टिकोण की बात करें तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जहां बच्चों के अधिकारों को प्राथमिकता दी गई है वहीं भारतीय बाल दिवस लोक लुभावन मेलों से परे अपनी पहचान नहीं बना पाया और इसका समाज के दृष्टिकोण में बदलाव की कोई छाप दृष्टिगोचर नहीं हुई । जबकि ऐतिहासिक

**प्रियंक कानूनगो**

रूप से, भारत अपने सांस्कृतिक लोकाचार और सामाजिक आचरण के माध्यम से बच्चों के अधिकारों की पुरजोर वकालत और मान्यता देता रहा है। यह स्वतंत्रता के बाद हमारे संविधान में विशिष्ट अधिकारों में अनुवादित हो गया और कालांतर में बाल अधिकार संरक्षण संबंधित कानूनों में समाहित हुए। हाल ही में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और पोक्सो अधिनियम, 2012 के तहत संशोधन जैसे बच्चों के लिए ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं, जिससे इन्हें और अधिक प्रभावी बनाया गया है। इसके अलावा, पीएम केयर्स ने कोविड से प्रभावित सभी बच्चों को संरक्षण प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। भारतीय परिपेक्ष्य में मनाए जाने वाले बाल दिवस में लुभावन और मनोरंजन के साधनों को प्राथमिकता दी गई है न कि ऐसे प्रयासों को जो बच्चों को मानसिक और आत्मिक तौर पर सशक्त करे और उनका संरक्षण सुनिश्चित करे।

भवनों और मॉल में आयोजित होने वाले मेलों और आयोजनों में केवल वही बच्चे पंहुच पाते हैं जिनकी अधिकारो तक पहुंच है, किंतु यह आोजन असल जरूरत वाले बच्चों की पंहुच से दूर रहे और न हीं उन बच्चों के जीवन में इससे कोई अमूलचूल परिवर्तन आया जो आज भी सड़क पर जीवन व्यतीत करने तथा भिक्षावृति व बाल मजदूरी में अपना बचपन खो रहे हैं। इन्हीं लोक लुभावन आयोजनों में अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस भी धूमिल पड़ गया और बच्चों के अधिकार के असल मुद्दों की चर्चा के परे हम मेले के आयोजनों में फंसे रहे।

बाल अधिकारों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव समय की गहरी मांग है और बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए समग्र समाधान आधारित दृष्टोकण को अपनाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि गरीबी और परिवार की असक्षमता एक ऐसा कारण है जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ता है और वह कभी बाल मजदूरी के लिए मजबूर होते हैं तो कभी तस्करों के चंगुल में फंसकर मानसिक औ शारीरिक शोषण का शिकार होते हैं। इस समस्या की ओर कभी गंभीरता से नहीं सोचा गया। इस समस्या का समाधान भी हमारी वर्तमान व्यवस्था में उपलब्ध है, जिसे चिन्हित कर एनसीपीसीआर ने परिवार को उन सभी योजनाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य शुरू किया है, जिससे अंततः बच्चे परिवार में रह पाए और उनका लालन पालन बच्चे के नजरिए से सबसे उपयुक्त इकाई परिवार में हो सके। यहां पर एक और बात जिसपर सबसे ज्यादा ध्यान देने की है वह है बच्चे के विकास में समग्र समाज की भूमिका। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज से परे उसके विकास और जीवन की अपनी सीमाएं हैं। इसलिए अगर बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करना है तो समाज के हर एक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए देश को बाल दिवस से बाल अधिकार दिवस की ओर कदम बढ़ाना पडेगा और सांकेतिकता से अधिक सार्थक प्रयास किए जाने की अवश्यकता है।

# शौचालयों से ही समृद्धि संभव

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई। बिना चप्पल यानी नंगे पांव आदिवासी पोशाक पहने 72 वर्षीय पद्म श्री से सम्मानित तुलसी गौड़ा की सोशल मीडिया में छाई हुई तस्वीर ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। उस तस्वीर ने अकेले ही उन चैंपियनों को पुरस्कृत करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो समाज में जमीनी स्तर पर अपना योगदान दे रहे हैं और सहज रूप से सुर्खियों से दूर रहकर साधु जैसी एकाग्रता के साथ चुपचाप अपना काम करते हैं। इसी तरह की एक तस्वीर 2016 में भी वायरल हुई थी। वह प्रधानमंत्री की 105 वर्षीय कुंवर बाई को नमन करते हुए तस्वीर थी।

कुंवर बाई ने अपने गांव में शौचालय बनाने के लिए 10 बकरियां और अपनी अधिकांश संपत्ति बेच दी थी। इस किस्म के दृश्य संख्या और आंकड़ों के मामले में हमारी उपलब्धियों के समान ही मर्मस्पर्शी और जश्न मनाने लायक हैं। जब भारत ने 108 मिलियन शौचालयों का निर्माण कर खुले में शौच से मुक्त का दर्जा हासिल किया तो यह कुंवर बाई की उतनी ही जीत थी, जितनी प्रधानमंत्री की। चैंपियन हमेशा सरकार की नीतियों के सह-उत्पाद नहीं होते, बल्कि कभी-कभी नीतियां भी चैंपियनों से प्रेरणा लेती हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री अक्सर कहते हैं, जब प्रत्येक भारतीय सिर्फ एक कदम उठाता है तो भारत 135 करोड़ कदम आगे बढ़ता है। स्वच्छ भारत अभियान, जल शक्ति अभियान, जल जीवन मिशन और हाल ही में टीकाकरण अभियान जैसे जन-आंदोलन इस उक्ति के जीवंत उदाहरण हैं। मार्मिकता और प्रेरणा की बात तो एक तरफ, लेकिन किसी आंदोलन की शुरूआत करना और उसे गति देना नीतिगत मूल्य श्रृंखला का केवल एक पहलू है। उस आंदोलन की गति को बनाए रखना और पुरानी आदतों की ओर लौटने को हतोत्साहित करना कहीं अधिक बड़ी चुनौती है और इसके लिए व्यापक तकनीकी विशेषज्ञता एवं आधारभूत संरचना की जरूरत होती है। इस उद्देश्य के लिए, स्वच्छता से संबंधित मूल्य श्रृंखला के सभी स्थिर और गतिमान रहने वाले हिस्सों की पड़ताल यानी मल अपशिष्ट की रोकथाम, उसे खाली करना, उसका परिवहन, उसका शोधन और उसके दोबारा उपयोग या निपटान का अहम महत्व है। इन तथ्यों के आलोक में, भारत सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण- 2 को 1,40,881 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ मंजूरी दी थी। इसके तहत खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) की स्थिति और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की निरंतरता पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

इस विकराल समस्या का केंद्र बिंदु और इसकी सबसे बड़ी पहेलियों में से एक है मल से संबंधित गाद का प्रबंधन (एफएसएम), जोकि ह्लखुले में शौच से मुक्तह्व प्लस भारत का एक महत्वपूर्ण लेकिन चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, ठोस एवं तरल कचरे के प्रभावी

**गजेंद्र सिंह शेखावत**

प्रबंधन और गांवों की दिखने लायक सफाई के साथझसाथ ओडीएफ प्लस की स्थिति को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-क्क के प्रमुख फोकस क्षेत्र के रूप में गिना जाता है। सेप्टिक टैंक और सिंगल पिट जैसे स्थल पर सफाई से जुड़े शौचालयों की काफी संख्या होने की वजह से मल से संबंधित गाद का प्रबंधन (एफएसएम) ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित तरीके से स्वच्छता प्रदान करने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। आगे आने वाली चुनौतियों की विकरालता हमें सर्वोत्तम प्रथाओं और केस स्टडी की पहचान करने के लिए मजबूर करती है। ऐसा ही एक उदाहरण मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के कालीबिल्लौद गांव का है। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित एवं व्यवस्थित कालीबिल्लौद मल गाद शोधन संयंत्र, तीन ग्राम पंचायतों के समूह के 45,870 लोगों की जरूरतों को पूरा करता है और इसकी क्षमता तीन किलोलीटर मल से संबंधित गाद के शोधन की है। विभिन्न सेवा प्रदाता हर दिन तीन हजार (3000) लीटर गाद एकत्रित करते हैं। यह गाद शोधन की विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरता है और इसका अंतिम उत्पाद एक किस्म का शोधित अपशिष्ट होता है, जोकि आसपास के परिदृश्य को सुन्दर बनाने के काम आता है। इस किस्म के अन्य चैंपियनों के साथ कालीबिल्लौद एक मिसाल है। इनमें से प्रत्येक चैंपियन को स्थानीय परिस्थितियों और चुनौतियों के अनुरूप ढाला गया है। ग्रामीण भारत स्वच्छता के क्षेत्र में की जाने वाली किसी भी पहल के सामने एक बहुत बड़ी बाधा खड़ी करता है। ग्रामीण भारत में जलझनिकासी की व्यवस्था (सीवरेज सिस्टम) का न होना सबसे बड़ी बाधा है। इस प्रकार, यह मल अपशिष्ट के सुरक्षित प्रबंधन पर अधिकतम बोझ डालता है। ट्विन लीच पिट को छोड़कर, सिंगल पिट और सेप्टिक टैंक जैसी मल अपशिष्ट की रोकथाम से जुड़ी अन्य प्रणालियों में मल से संबंधित गाद को हटाकर खाली करने की जरूरत होती है।

स्वच्छ भारत अभियान द्वारा स्वास्थ्य और मानव दिवस की दृष्टि से प्रति परिवार प्रति वर्ष 50 हजार रुपये की बचत का एकमात्र कारण ट्विन पिट जैसे दूरदर्शी उपाय की शुरूआत थी, जिसके बिना स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) एक बहुत ही बड़ी और अपेक्षाकृत अधिक अनसुलझी समस्या का कारक साबित होता। ट्विन पिट इस सरकार की दूरदर्शिता का एक आदर्श उदाहरण है। यह बेहद ही कम लागत पर स्थल पर शोधन की सुविधा प्रदान करता है। अन्यथा बिना ट्विन पिट के बने 108 मिलियन शौचालयों ने पूरे इकोसिस्टम को नष्ट कर दिया होता, हमारे भूजल को जहरीला बना दिया होता और आम तौर पर हर किसी के लिए जीवन को एक बदबूदार नरक बना दिया होता।

# टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड का किया सूपड़ा साफ

## रोहित शर्मा की कप्तानी में जीती टी-20 सीरीज




**नई दिल्ली।** भारत ने न्यूजीलैंड का तीन मैचों की टी-20 सीरीज में सूपड़ा साफ कर दिया है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 73 रन से हराकर टी-सीरीज पर 3-0 से कब्जा किया। रोहित शर्मा ने टी-20 टीम की कप्तानी संभालने के बाद अपनी पहली टी-20 सीरीज जीती। 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 17.2 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। उनके अलावा कोई भी कीवी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल पाया। भारत की तरफ से अक्षर पटेल ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। उनके अलावा हर्षल पटेल ने 2, दीपक चाहर, वेंकटेश अय्यर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया। 185 रनों के लक्ष्य की पीछा करने उतरी कीवी टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। डैरिल मिचेल को 5 रन पर अक्षर पटेल ने अपने पहले ही ओवर में आउट कर दिया। कीवी टीम का पहला विकेट 21 रन पर गिरा। अक्षर पटेल ने अपने इस ओवर में कीवी टीम को दूसरा झटका भी दिया। उन्होंने मार्क चैपमैन को भी खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। उन्हें पंत ने स्टंपिंग आउट किया। 30 रन पर न्यूजीलैंड ने अपना तीसरा विकेट गंवाया। ग्लेन फिलिप्स को अक्षर पटेल ने क्लीन बोल्ड किया। इस तरह 80 रन के अंदर कीवी टीम ने अपने 6 विकेट गंवा दिए। भारत के गेंदबाज पूरी तरह कीवी टीम पर हावी दिखे।

इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान रोहित शर्मा से मिली धमाकेदार शुरूआत और निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से भारत ने मिचेल सैंटनर के झटकों के बावजूद सात विकेट पर 184 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। रोहित ने 31 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। रोहित ने इशान किशन (21 गेंदों पर 29 रन) के साथ पावरप्ले में 69 रन जोड़े। लेकिन सैंटनर (27 रन देकर तीन) ने इसके बाद न्यूजीलैंड को वापसी दिलाई। श्रेयस अय्यर ने 25 और वेंकेटेश अय्यर ने 20 रन बनाए। आखिरी के ओवरों में हर्षल पटेल और दीपक चाहर ने तेजी से बल्लेबाजी की। दीपक चाहर ने नाबाद 21 और हर्षल पटेल में 18 रन बनाए। भारतीय पुछल्ले बल्लेबाजों ने आखिरी पांच ओवरों में 50 रन जुटाए। मिचेल सैंटनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक 3 विकेट लिए। उनके अलावा ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्यूसन ,एडम मिल्ने और ईश सोढ़ी ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले भारत ने जयपुर में न्यूजीलैंड को पहले टी-20 मैच में 5 विकेट से मात दी थी। इसके बाद रांची में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में भारत ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी।

# फील्डिंग करते समय जेरेमी सोलोजानो के मुंह में लगी बॉल, स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा हॉस्पिटल



**नई दिल्ली।** श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच गॉल में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। वेस्टइंडीज की तरफ से अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे जेरेमी सोलोजोनो के साथ मैदान में दर्दनाक हो गया। 26 साल के जेरेमी सोलोजोनो के हेलमेट में फील्डिंग के दौरान श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने का जबरदस्त शॉट लगा। जेरेमी सोलोजोनो को शॉर्ट लेग में फील्डिंग करने के दौरान हेलमेट में बॉल लगी। इसके बाद हेलमेट उतारते ही वो जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। जेरेमी सोलोजोनो को बिना किसी देरी के एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। ये घटना श्रीलंका की पारी के 24वें ओवर में घटी। करुणारत्ने का शॉट इतना जोरदार था कि गेंद के हेलमेट पर लगने के बाद हेलमेट का पिछला हिस्सा निकल गया। सोलोजोनो के मैदान से बाहर जाने के बाद शाई होप उनकी जगह फील्डिंग करने मैदान में उतरे।

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने उनके हेल्थ की जानकारी देते हुए ट्वीट किया कि उनका हॉस्पिटल में स्कैन किया गया। इसमें कोई स्ट्रचकरल डैमेज नहीं आया है। उन्हें आज रात हॉस्पिटल में निगरानी में रखा जाएगा। हम आपको हमारी मेडिकल टीम की ओर से आगे कोई भी अपडेट होगा तो उसकी जानकारी देंगे। गॉल टेस्ट की बात करें तो श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खबर लिखे जाने तक श्रीलंका ने पहले दिन 57 ओवर में एक विकेट खोकर 163 रन बना लिए। मेजबान टीम के कप्तान करुणारत्ने 89 रन बनाकर खेल रहे हैं। पंथुम निसानका 56 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट शैनन गेब्रियल ने लिया।

# भारत को अंडर 19 वर्ल्ड कप जिताने वाले उन्मुक्त चंद ने की शादी



**नई दिल्ली।** भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिता चुके उन्मुक्त चंद ने रविवार शाम को शादी कर ली है। उन्होंने सिमरन खोसला से शादी की। सिमरन खोसला पेशे से फिटनेस एंड न्यूट्रीशन कोच हैं। इस शादी के समारोह में उनके रिश्तेदार और कई करीबी दोस्त मौजूद रहे। सिमरन खोसला ने शादी की कुछ तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर की। उन्होंने एक तस्वीर में लिखा कि आज हमने हमेशा के लिए एक होने का फैसला लिया। गौरतलब है कि इसी साल अगस्त में उन्मुक्त चंद ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्मुक्त चंद की कप्तानी में भारत ने साल 2012 में अंडर 19 वर्ल्ड कप जीता था। उनसे काफी उम्मीदें थे लेकिन वो आगे चलकर खास नहीं कर पाए। आईपीएल में उन्मुक्त दिल्ली, मुंबई और राजस्थान के लिए खेले लेकिन वो कोई छाप नहीं छोड़ पाए। संन्यास के ऐलान के बाद वो अमेरिका में शिफ्ट हो गए। अमेरिका में माइनर लीग क्रिकेट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

बिग बैश लीग (बीबीबीएल) की फ्रेंचाइजी टीम मेलबर्न रेनेगेड्स ने उन्मुक्त को अपनी टीम में शामिल किया है। बीबीएल का हिस्सा लेने वाले उन्मुक्त पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं। फ्रेंचाइजी ने इसकी जानकारी अपने ट्विटर अकाउंट पर के जरिए दी थी।

# रोहित शर्मा ने सिक्स मारकर रचा इतिहास

## ऐसा कारनामा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टी-20 मैच में इतिहास रच दिया है। वो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे अधिक बार 50 से ज्यादा रन वाले वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 119 वें टी-20 इंटरनेशनल मैच में ये कारनामा किया। रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की। रोहित ने सिक्स मारकर अपनी 26 वीं फिफ्टी जड़ी।इससे पहले ये रिकॉर्ड संयुक्त तौर पर विराट कोहली और उनके नाम था। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर बाबर आजम हैं उन्होंने 25 बार ये कारनामा किया है। डेविड वॉर्नर ने 22 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। आज खेले जा रहे मैच की बात करें तो रोहित शर्मा 56 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें ईश सोढ़ी ने आउट किया। 31 गेंदों में खेली गई इस पारी में उन्होंने 3 सिक्स और 5 चौके जड़े। खबर लिखे जाने तक भारत ने 16 ओवर में 140 रन पर 5 विकेट गवां दिए हैं। टीम इंडिया ने आज के मैच में अपने प्लेइंग इलेव में दो बदलाव किए हैं। टीम इंडिया ने केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन को आराम दिया है। उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में इशान किशन और युजवेंद्र चहल को मौका मिला है। वहीं न्यूजीलैंड की बात करें तो उन्होंने टिम साउदी को आराम दिया है। इस मैच में न्यूज लैंड की तरफ से मिचेल सैंटनर कप्तानी कर रहे हैं। टिम साउदी की जगह कीवी टीम ने लॉकी फर्ग्यूसन को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। गौरतलब है तीन मैचों की टी-20 सीरीज में

# मतदाता पुनरीक्षण:औराई की खराब स्थिति पर रोल प्रेक्षक ने जताई चिंता

## सभी उपजिलाधिकारियों ने विशेष अभियान के दिन बूथों का किया निरीक्षण, मतदाता का बढ़ाया उत्साह

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** रोल प्रेक्षक/अपर आयुक्त (मिजार्पुर) रमेशचंद्र ने आज विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का निरीण किया। विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य एक नवंबर से अनवरत चलाया जा रहा है। महीने में चार विशेष अभियान भी चलाए जाने हैं, जिसमें आज इसका तीसरा दिवस था। रोलप्रेक्षक ने विशेष अभियान दिवस पर बीआरसी औराई एवं जयरामपुर का औचक निरीक्षण कर युवा मतदाताओं से बातचीत भी की।



बूथ का निरीक्षण करती उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर प्रियंका

उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया किअपने अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर मतदाता जागरूकता के बारे में बताएं एवं लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। कहा कि जनपद में औराई की सबसे खराब स्थिति है, यहां पर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं का नामांकन कराया जाए। रोल प्रेक्षक, अपर आयुक्त रमेशचंद्र ने कहा कि यह अच्छा अवसर है, जो छात्र-छात्राएं 18 वर्ष के हों, अथवा एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष के पूर्ण हो रहे हैं, उनका भी प्रारूप छह फार्म भरवाया जाए। मतदाता सूची में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक बढ़ाई जाए।मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दिन उप जिलाधिकारी औराई चंद्र शेखर ने आज प्राथमिक विद्यालय मुक्तापुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकापुर, प्राथमिक विद्यालय समालकोट, प्राथमिक विद्यालय घमाहापुर, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर प्रियंका ने श्रीराम पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारीपुर, प्राथमिक विद्यालय हरियांव, एवं एसडीएम भदोही अश्वनी कुमार ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल बरैला, पल्हैया, प्राथमिक विद्यालय कठौता, कंपोजिट विद्यालय पिपरिस में बनाए गए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया।

# 13 सडकों के लिए मिले 2.67 करोड़ रुपये, शीघ्र पूरा होगा निर्माण कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जनपद की निमार्णाधीन 13 सडकों का कार्य पूर्ण कराने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 2.67 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। धनराशि मिलने केबाद अब शीघ्र ही कार्य पूरा करवाया जा सकेगा।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेर्शों के क्रम में राज्य सडक निधि योजना के अन्तर्गत जनपद भदोही के 13 मार्गों के चालू कार्यों के लिए कुल 02 करोड़, 67 लाख, 16 हजार की अवशेष धनराशि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई है। उक्त के संबंध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2022 तक कर लिया जाए और उपयोगिता प्रमाण-पत्र बजट मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार शासन कोप्रेषित किया जाए। राज्य सडक निधि नियमावली में किए गए प्रावधानों का पालन करते हुए गुणवत्तापरक कार्य पूरा करवाया जाए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिया है कि इन कार्यों में वित्तीय नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय और जारी शासनादेशों में उल्लिखित गाइडलाइन के दायरे में कार्य करवाया जाए।

# 2022 में प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है समाजवादी सरकार : इश्तियाक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के किसानों के लंबे संघर्ष और आम जनमानस की एकजुटता की देन है कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसान विरोधी जो तीन नए काले कृषि कानून जबरन लाए गए थे उसे वापस लेने के लिए सरकार को मजबूर होना पड़ा। यह किसान सहित आम जनता की एक बड़ी जीत है। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व भदोही नगर अध्यक्ष इश्तियाक डायर ने कहा कि भाजपा सरकार यह भूल गई थी कि जनता ने उन्हें यदि सत्ता सौंपी है तो सत्ता से हटाने का काम भी जनता ही करेगी। इसी डर की वजह से केंद्र और प्रदेश की जो तानाशाही सरकार मनमानी पर तुली थी उसे आज अपनी सत्ता अपने हाथ से जाने का भय साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। कहा कि इस आंदोलन में समाजवादी पार्टी ने किसानों का सड़क से लेकर सदन तक बढ़-चढ़कर साथ दिया। क्योंकि समाजवादी हमेशा न्याय के पक्षधर रहे हैं। जहां पर भी सत्ता की निरंकुशता और अन्याय होगा समाजवादी वहां पर संघर्ष के लिए हर समय तैयार रहने का काम करते हैं। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए 3 कृषि कानून किसानों को बर्बाद करने की चंद पुंजिपतियो की एक बड़ी साजिश थी। इस्तियाक डायर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का जाना तय है। कहा कि भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों तथा



दमनकारी कार्यों के चलते समाज का हर वर्ग आक्रोशित है। वह इस सरकार से मुक्ति पाने के लिए मन बना चुकी है। कहा की 2014 से लेकर 2017 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जनता के बीच झूठे सपने दिखाने का काम किया। जनता का वोट लेकर सरकार में आने के बाद जनता के ही अरमानों को ना सिर्फ कुचला बल्कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। यहां तक अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज ना उठे इसके लिए भी सरकारी तंत्र का भाजपा सरकार ने दुरुपयोग किया। कहा कि जनता आज उत्तर प्रदेश में पूर्व की रही समाजवादी सरकार की नीतियों और कार्यों को याद कर रही है। क्योंकि विकास का जो कार्य समाजवादी सरकार में दिखाई दिया वह इस भाजपा सरकार में एक भी कदम आगे नहीं बढ़ सका। झूठ पर झूठ और जाति धर्म के नाम पर जनता को गुमराह करना ही भाजपा सरकार की उपलब्धि रही है। लेकिन जनता उनके मंसूबों को जान चुकी है। जनता को झूठे वादे करने वाले नहीं बल्कि धरातल पर विकास और खुशहाली से जुड़ी योजनाओं को साकार करने वाली सरकार की जरूरत है यह सिर्फ समाजवादी सरकार में संभव है। कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार का कार्यकाल अब समाप्ति की ओर है। लेकिन जनता ने यह भी देखा कि यह पहली ऐसी सरकार है जो पूर्व की सरकारों की योजनाओं को अपना साबित करने के लिए शिलान्यास का शिलान्यास और लोकार्पण का लोकार्पण करने में अपना पूरा समय व्यतीत कर दिया। एक भी नया कार्य या योजना भाजपा सरकार नहीं ला सकती जिससे आम जनता का हित हो। कहा की अब चुनाव का समय नजदीक है तो भाजपा को सत्ता हाथ से जाने का भय सताने लगा है। लेकिन प्रदेश में इस बार समाजवादी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जनपद से जुड़े सवालों को देख चकराये अभ्यर्थी

**भदोही।** शहीद शुलभ उपाध्याय की स्मृति में आज जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जनपद से जुड़े तमाम सवाल पूछे गए। इसमें ज्यादातर ऐसे सवाल थे, जिससे लोग रोजाना रूबरू होते थे,पर उस पर कोई विशेष ध्यान नहीं देता था। जनपद के शहीद सुलभ उपाध्याय के स्मृति में आज जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को जनपद के कई परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में जनपद के सैकड़ों अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ जंगीगंज में एक परीक्षा केन्द्र पर भाजपा नेता सुनील मिश्र ने बच्चों को प्रश्न पत्र बांटकर किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान के अलावा भदोही जनपद, शहीद शुलभ उपाध्याय से संबंधित सवाल पूछे गये थे। भदोही के लाल शहीद सुलभ उपाध्याय के स्मृति में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के आयोजक संतोष तिवारी व अंकित पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम आगामी पांच दिसंबर को घोषित होगा। प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में देवेश पांडेय, सचिन पांडेय, सुधीर, शिवानी, सिबा बानो, अंकित पांडेय, गुलाम गौस, इमरान, रंजना समेत काफी लोगों का सहयोग रहा।

# स्वास्थ्यकर्मियों को मिला कोरोना योद्धा सम्मान

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री वंदना तिवारी ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** कोरोना महामारी की रोकथाम व वैक्सीनेशन में लगे स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, पैरा मेडिकल कर्मचारी, आशासंगिनी व आशा कार्यकताओं को जयरामपुर स्थित सीएचसी पर रविवार को सम्मानित किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री व पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख बंदना तिवारी ने स्वास्थ्य कर्मियों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती तिवारी ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान फ्रंटलाइन वारियर्स ने हर दिन अपनी जान हथेली पर रखकर इस वैश्विक महामारी से लड़ने का काम किया है। अपने जान की परवाह किये बिना निःस्वार्थ भाव से लोगों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान कर मरीजों की जान बचाने की कोशिश की है। कहा कि भारत सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस पहल ने पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाया है। कहा कि पीएम मोदी की कुशल रणनीति का परिणाम रहा कि भारत में कोरोना उतना कहर नहीं ढा पाया जितना विश्व के दूसरे देशों में देखा गया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में पहली



स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित करती वंदना तिवारी

बार ऐसी सरकार बनी है जो धर्म व जाति से परे हटकर सर्व समाज के लिये काम किया है। जबकि इससे पहले दूषित मानसिकता के साथ विकास कार्य होते थे। प्रदेश में माफियाराज, अपराध पर अंकुश लगने से जनता राहत की सांस ले रही है और आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। इस मौके पर डा. प्रमोद पाठक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डा.अनिल राय, फार्मासिस्ट पवन कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिंह, छोटेलाल, प्रदीप मौर्य, जयप्रकाश चौधरी, सुमनलता, प्रतिभा गुप्ता, अदिति प्रिया, प्रियंका मौर्य सहित करीब 25 स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित हुये। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी राकेश उर्फ पप्पू तिवारी, एडवोकेट एसपी द्विवेदी, सुरेश पासी जिला उपाध्यक्ष भाजपा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# दूल्हे की हरकत से बिना शादी के लौटी बारात

**अखंड भारत संदेश**

**पुलिस की मौजूदगी में आज सुबह तक चली दोनों पक्षों के बीच पंचायत, लेनदेन कर किया गया सुलह-समझौता**

**चौरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात आई बारात में जयमाल के समय लडके द्वारा फोन पर बात करने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दूल्हा सहित उसके परिजनों को बंधक बना लिया गया। सुबह तक चली पंचायत के बाद बगैर शादी के बारात वापस चली गई।

बताया गया है कि भदोही कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से शनिवार की रात बारात आई थी। द्वार पूजा के बाद बाराती खानाखाने चले गए और दूसरी तरफ जयमाल की तैयारी की जाने लगी। इसके बाद लडके को जयमाल केलिए ले जाया गया। बताया जाता है कि लडका जयमाल के समय भी काफी समय तक किसी से फोन पर बात कर रहा था। इसको लेकर लोगों ने आपत्ति की तो विवाद शुरू हो गया। जयमाल के समय काफी देर तक दूल्हे के द्वारा किसी से बात करने का मामला इतना बड़ गया कि घरातियों ने दूल्हे सहित परिजनों बंधक बना लिया। इस बीच सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुच गई। उक्त मामले को लेकर दोनों तरफ से काफी सुलह-समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। आज सुबह तक मुकामी पुलिस और घराती व बराती पक्ष के लोग डटे रहे। अंत में दोनों पक्षों ने आपसी लेनदेन कर रिश्ता खत्म कर दिया और बारात बिना शादी के ही लौट गई।

### पंजाब में बनेगा अब चौथा मोर्चा

# कैप्टन और भाजपा मिलकर बदलेंगे चुनावी मैच

**नईदिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से तीन नए कृषि कानूनों की वापसी के ऐलान के बाद पंजाब में चुनावी तस्वीर बदलती दिख रही है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में अगले साल की शुरूआत में ही चुनाव होने वाले हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का फैसला यूं तो पूरे देश में असर डालने वाला है, लेकिन पंजाब में सियासी समीकरण बदलते दिख सकते हैं। इससे पंजाब का चुनावी समर चतुष्कोणीय हो सकता है। फिलहाल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, अकाली दल और बीएसपी का गठबंधन चुनावी समर में हैं। लेकिन अब कानूनों की वापसी के बाद मुकाबला चतुष्कोणीय हो सकता है। दरअसल कानून वापसी के चलते कैप्टन अमरिंदर सिंह और भाजपा मिलकर



चौथा मोर्चा बन सकते हैं।

लंबे समय तक पंजाब में कांग्रेस और अकाली दल के बीच दो ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है, लेकिन 2017 में आम आदमी पार्टी तीसरे मोर्चे के तौर पर आई थी। इसके बाद अब भाजपा और कैप्टन मिलकर नई ताकत बनकर उभरे हैं। साफ है कि 2022 का चुनाव काफी रोचक होने वाला है। 117 सीटों वाली पंजाब विधानसभा के चुनाव में 2017 कैप्टन अमरिंदर सिंह की लीडरशिप में कांग्रेस ने 77 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा आम आदमी पार्टी 20 सीटें हासिल करके दूसरे स्थान पर आई थी, जबकि शिरोमणि अकाली दल और भाजपा को महज 18 सीटें ही मिल पाई थीं। अब 5 साल बाद पंजाब की चुनावी तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है। कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस से अलग हो चुके हैं और भाजपा भी अकाली दल का साथ छोड़कर किसी नए साथी की तलाश में है। अब तक कृषि कानूनों के खिलाफ तीखे विरोध के चलते भाजपा राज्य में एंट्री की स्थिति में भी नहीं थे। लेकिन अब बिलों की वापसी के बाद वह कैप्टन अमरिंदर के साथ मिलकर उतरने की तैयारी में है। चुनावी रणनीतिकारों के मुताबिक राज्य में हिंदू समुदाय के लोगों पर फोकस करके उतर सकती है। इसके अलावा कैप्टन अमरिंदर सिंह के प्रभाव का भी वह इस्तेमाल करने की कोशिश करेगी।

### आदिवासियों के बीच भाजपा की बढ़ती पैठ से कांग्रेस सतर्क, शिवराज की रैली के बाद करेगी कार्यक्रम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस आदिवासियों के बीच पैठ बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। इस सप्ताह भाजपा और कांग्रेस का कार्यक्रम खाका तैयार है। राज्य के आदिवासियों के लिए भाजाप आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगा, वहीं, कांग्रेस भी आदिवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक करने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को मंडला में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और विपक्षी दल बुधवार को अपने आदिवासी विधायकों की बैठक बुलाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने फोन पर पीटीआई को बताया कि सोमवार के कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान आदिवासी राजा शंकर शाह और उनके बेटे रघुनाथ शाह की मूर्तियों को स्थापित करने के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

### अब त्रिपुरा में शुरू हुआ खेला

# महिला नेता सायोनी घोष की गिरफ्तारी पर भड़की टीएमसी

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस युवा अध्यक्ष सायोनी घोष को गिरफ्तार कर लिया है। घोष पर हिट एंड रन केस में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने अपने एक ट्वीट में त्रिपुरा सीएम की सभा पर टिप्पणी की थी। ट्विटर पर डाले एक वीडियो में उनकी कार के पीछे भाजपा कार्यकर्ता दौड़ रहे हैं। टीएसी की युवा विंग अध्यक्ष सायोनी घोष को त्रिपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनपर हिट एंड रन केस में मुकदमा दर्ज किया गया है। सायोनी घोष ने ट्वीट किया था कि त्रिपुरा की मुख्य पार्टी की सभा में 50 लोगों ने भाग लिया। इससे ज्यादा संख्याबल हमारे उम्मीदवारों की बैठकों में देखने को मिलता है। त्रिपुरा की जनता भाजपा के गुंडाराज को जल्द खत्म करेगी। उन्होंने अपने ट्वीट में एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में उनके बयान पर भाजपा कार्यकर्ता उनकी कार का पीछा कर रहे हैं। इस दौरान उनकी एक कार्यकर्ता से बहस भी होती है। इस दौरान सायोनी अपने साथियों को रिकॉर्डिंग करने के लिए कह रही है। वहीं, रविवार को अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने आरोप लगाया कि त्रिपुरा के अगरतला के एक पुलिस स्टेशन में सत्तारूढ़ भाजपा के कार्यकताओं ने पार्टी कार्यकताओं को पीटा। उन्होंने कहा कि थाने में राज्य पुलिस के सामने उन्हें लाठियों से पीटा गया। हालांकि भाजपा ने आरोपों से इनकार किया है। टीएमसी के मुताबिक, त्रिपुरा पुलिस उस होटल में पहुंची, जहां पार्टी नेता सायोनी घोष ठहरी थीं और उन्हें पूछताछ के लिए थाने बुलाया। उन्होंने कथित तौर पर यह नहीं बताया कि पूछताछ किस मामले के बारे में थी।



### सिद्धू के चलते नहीं छोड़ूंगा... कैप्टन अमरिंदर सिंह का पटियाला से चुनाव लड़ने का ऐलान



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह अपने गढ़ पटियाला से ही विधानसभा चुनाव में उतरेंगे। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर भी इसकी जानकारी दी है। कैप्टन ने लिखा, 'मैं पटियाला से चुनाव लड़ूंगा। बीते 400 सालों से पटियाला हमारे साथ रहा है और मैं इसे सिद्धू की वजह से छोड़ने वाला नहीं हूं।' पटियाला हमेशा से ही कैप्टन फैमिली का गढ़ रहा है। वह खुद इस सीट 4 बार चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा उनकी पत्नी परनीत कौर भी यहीं से 2017 का चुनाव जीती थीं। इसी साल अप्रैल में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नवजोत सिंह सिद्धू को पटियाला से समर में उतरने की चुनौती दी थी। उसके बाद से ही दोनों नेताओं के बीच रार बढ़ती चली गई और अंत में कैप्टन अमरिंदर सिंह को सीएम पद से ही इस्तीफा देना पड़ा। पद से इस्तीफे के बाद भी कैप्टन अमरिंदर सिंह कई बार नवजोत सिंह सिद्धू पर निशाना साधा चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने पटियाला से चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए सिद्धू पर हमला बोला है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के चुनाव लड़ने के ऐलान के साथ ही पंजाब में सियासी माहौल गर्मा गया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा देने के साथ ही कांग्रेस का भी साथ छोड़ दिया है और अपनी नई पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का गठन कर दिया है। यही नहीं भाजपा के साथ मिलकर काम करने की बात कहकर उन्होंने भगवा दल के साथ जाने के भी संकेत दिए हैं।

# राजस्थान में दलित और जाट कार्ड से यूपी – पंजाब की 94 सीटें साधने की तैयारी में कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी)।** राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार की नई कैबिनेट से कांग्रेस ने भले ही गुटबाजी को साधने का प्रयास किया है, लेकिन इसके जरिए प्रदेश से बाहर के भी सामाजिक समीकरणों पर पार्टी की नजर है। कांग्रेस ने नई कैबिनेट में जाट समुदाय के 5 और दलित बिरादरी के 4 नेताओं को जगह दी है। माना जा रहा है कि इससे कांग्रेस ने पंजाब से लेकर यूपी तक संदेश देने का प्रयास किया है। उत्तर प्रदेश में जाट बिरादरी के दबदबे वाले मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ समेत कई जिलों में करीब 100 सीटें हैं। इनमें से भी 60 से ज्यादा सीटों पर जाट समुदाय के मतदाता हार और जीत तय करने की स्थिति में हैं।



ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस ने जाट समुदाय के नेताओं को मंत्री बनाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को साधने का प्रयास किया है। किसान आंदोलन के चलते जाट समुदाय के लोगों की भाजपा से नाराजगी की चचाएं चलती रही हैं। इसके अलावा लखीमपुर खीरी कांड के बाद प्रियंका गांधी काफी सक्रिय नजर आई थीं। इसलिए कांग्रेस की रणनीति है कि प्रियंका गांधी की ओर से दिखाई गई सक्रियता और जाटों की नाराजगी के मुद्दे को वह भुना पाए। इसके अलावा दलित बिरादरी के 4 मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल कर कांग्रेस ने पंजाब में भी संकेत देने का प्रयास किया है, जहां 34 सीटें दलितों के लिए सुरक्षित हैं। कुल 117 विधानसभा वाले पंजाब में 34 सुरक्षित सीटें नतीजे तय करने में अहम हैं।

पंजाब में दलित समुदाय के चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाकर बड़ा संकेत देने वाली कांग्रेस ने अब राजस्थान में भी दलित कार्ड चला है। इससे वह यह संदेश देने की कोशिश में है कि दलित समुदाय को वह उचित प्रतिनिधित्व देने वाली पार्टी है। बता दें कि पंजाब में अकाली दल और बसपा का गठबंधन है। दोनों मिलकर दलित वोटों पर दावेदारी कर रहे हैं, लेकिन अब कांग्रेस सीएम चन्नी और राजस्थान कैबिनेट में दलितों की संख्या बढ़ाकर संदेश देने का प्रयास कर रही है।

### राजस्थान में अशोक गहलोत की कैबिनेट पर प्रियंका गांधी की छाप

**जयपुर।** राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार की नई कैबिनेट में प्रियंका गांधी की छाप देखने को मिल रही है। पहली बार राजस्थान सरकार की कैबिनेट में तीन महिला विधायकों को एंट्री दी गई है। इसके अलावा 4 दलित नेताओं को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, जो पंजाब में दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाए जाने के बाद बड़ा फैसला है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने महिलाओं और दलितों को प्रतिनिधित्व देकर बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। दरअसल प्रियंका गांधी ने यूपी के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट दिए जाने का ऐलान किया है। अब इसके बाद राजस्थान में 3 महिलाओं की एंट्री से माना जा रहा है कि इस कैबिनेट विस्तार में उनका दखल है। यही नहीं खुद सीएम अशोक गहलोत के एक बयान से भी प्रियंका गांधी की भूमिका के बारे में समझा जा सकता है। कैबिनेट गठन को लेकर अशोक गहलोत ने कहा कि इस बारे में प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ही जानते हैं। अशोक गहलोत की ओर से प्रियंका गांधी का नाम सबसे पहले लिए जाने से साफ है कि उनका क्या रोल रहा है। बता दें कि सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच विवाद निपटाने में प्रियंका गांधी की अहम भूमिका रही है।

**पहली बार तीन महिलाओं को मिली एंट्री**

# अब सिखों के बीच पैठ बढ़ाने का आरएसएस ने बनाया प्लान, कृषि कानून वापसी से मिला मौका

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु नानक जयंती के मौके पर बड़ा ऐलान करते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस ले लिया। बीते कई महीनों से जारी किसानों के आंदोलन को देखते हुए सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया था। इसके बाद देशभर से इस पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया था साथ ही राजनीतिक एक्सपर्ट्स द्वारा इसके बारे में कई तरह की चचाएं भी शुरू हैं। इसी बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री की इस घोषणा के बाद आरएसएस के सिख निकाय राष्ट्रीय सिख संगत सिखों के साथ पुल बनाने में कामयाब होगा। दरअसल, कृषि कानूनों के विरोध में लंबे समय से



हो रहे किसान आंदोलन से संघ परिवार चिंतित था क्योंकि उन्हें लगा कि आंदोलन के परिणामस्वरूप सिखों और हिंदुओं के बीच मतभेद हो सकते हैं। आरएसएस महासचिव सुरेश भैयाजी जोशी ने अपने एक बयान में कहा भी था कि संघ परिवार लंबे आंदोलन से चिंतित है। लेकिन अब जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया है तो यह एक तरह से संघ के लिए मौका है कि वह अब सिखों के बीच अपनी पैठ बढ़ा सकता है। इसके लिए संघ के सिख निकाय राष्ट्रीय सिख संगत ने अपना प्लान भी तैयार किया है।


एक तथ्य यह भी है कि पिछले कुछ वर्षों में आरएसएस ने अपनी राष्ट्रीय सिख संगत की गतिविधियों को तेज करने की भी योजना बनाई है। राष्ट्रीय सिख संगत हिंदू-सिख एकता में सुधार के लिए काम करने वाली संस्था है। इकॉनॉमिक टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में राष्ट्रीय सिख संगत के अध्यक्ष जी एस गिल के हवाले से बताया है कि उन्होंने माना कि दुर्भाग्य से दोनों पक्षों से गलतियां हुई हैं। इन कानूनों और विरोधों के कारण हिंदुओं और सिखों के बीच दूरियां बढ़ीं। लेकिन यह अच्छी बात है कि अनावश्यक टकराव अब टल गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सिख संगत अब सिख समुदाय तक पहुंचकर और सभी मतभेदों को दूर करके सामाजिक सद्भाव की दिशा में काम करेगी। गिल ने कहा कि हमारे प्रत्येक सिख गुरू ने देश के लिए बलिदान दिया है। हिंदू और सिख न केवल एक सांस्कृतिक बंधन साझा करते हैं, बल्कि एक सभ्यतागत बंधन भी साझा करते हैं। कुछ भाजपा नेताओं को भी सावधान रहना चाहिए था। आरएसएस कई वर्षों से पंजाब में काम कर रहा है, दलितों के कथित रूप से ईसाई धर्म में धर्मांतरण, 1984 के दंगा पीड़ितों के लिए न्याय, भारतीय दूतावासों में गुरु नानक की जयंती मनाने और करतारपुर कॉरिडोर को फिर से खोलने के लिए सरकार के साथ पैरवी करने के मुद्दों को उठा रहा है।

# चले साथ-साथ, कंधे पर हाथ...


### पीएम मोदी और योगी की केमिस्ट्री से मिले संकेत

**नई दिल्ली।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पीएम मोदी के साथ अपनी दो तस्वीरें एक कविता के साथ शेयर कीं। उनके इस ट्वीट के बाद से ही यूपी की सियासत में बयानबाजी का दौर शुरू हो गया। साफ है कि दोनों नेताओं की बॉन्डिंग की ये तस्वीरें अपने मकसद में कामयाब होती दिखी हैं। बीते कुछ महीने पहले सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर तमाम तरह के कयास चल रहे थे। ऐसे में अब इन तस्वीरों से उन पर लगाम लगेगी। इसके अलावा यूपी में मतदाताओं के बीच भी भाजपा ने इन तस्वीरों के जरिए संदेश देने का काम किया है कि योगी आदित्यनाथ से पीएम नरेंद्र मोदी की बहुत अच्छी बॉन्डिंग है। यह योगी के कद के साथ ही यूपी में चुनावी संभावनाओं को भी बढ़ाने वाला है। बीते कुछ महीनों में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा समेत कई शीर्ष नेताओं ने सीएम योगी आदित्यनाथ की खुलकर तारीफ की है। कोरोना संकट से निपटने में सीएम योगी आदित्यनाथ के योगदान की सभी ने तारीफ की थी। इसके अलावा अलीगढ़, सुल्तानपुर, महोबा और झांसी जैसे इलाकों में रैलियों के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी जमकर तारीफ की थी। इससे लीडरशिप ने यह संकेत देने का काम किया है कि योगी का फिलहाल यूपी में ही नहीं बल्कि भाजपा में भी प्रदेश में कोई विकल्प नहीं है। सीएम योगी ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर काफी तारीफ बटोरी है। अब पीएम नरेंद्र मोदी से बढ़िया केमिस्ट्री का संदेश देने वाली इन तस्वीरों ने इन कोशिशों को और धार दी है।



# भारत में भी आएगा पुतिन ने लगावाया कोरोना वैक्सीन का बूस्टर शॉट, बताया कैसा महसूस कर रहे

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कोरोना वायरस की तीसरी लहर के खतरे के बीच वैक्सीन और बूस्टर डोज राहत लेकर आ रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को घोषणा की कि उन्हें स्पुतनिक लाइट के साथ उडश्कक्ऱ-19 के खिलाफ टीका लगाया गया है।



संभावना है कि जल्द ही भारत सरकार भी वैक्सीन की बूस्टर शॉट की घोषणा करेगी। इसे लेकर भारत जल्द ही वैक्सीन नीति की घोषणा कर सकती है। फिलहाल भारत की नजर 31 दिसंबर तक 100 प्रतिशत पहली खुराक पर है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने गामालेया अनुसंधान केंद्र के उपनिदेशक ेनिस लोगुनोव के साथ एक बैठक में कहा, ₹आज, आपकी सिफारिश और आपके सहयोगियों की सिफारिशों के आधार पर मुझे स्पुतनिक लाइट की एक और वैक्सीन बूस्टर शॉट मिली। राष्ट्रपति ने कहा कि वह तीसरे शॉट के बाद अच्छा महसूस कर रहे हैं। जवाब में लोगुनोव ने कहा कि टीकाकरण की प्रभावशीलता शॉट के छह से आठ महीने बाद कम हो जाती है और लोगों से वायरस के खिलाफ उच्च स्तर की सुरक्षा बनाए रखने के लिए बूस्टर खुराक लेनी जरूरी है।

बता दें कि भारत में भी जल्द ही कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज को लेकर एक नीति का ऐलान हो सकता है। राष्ट्रीय टास्क फोर्स के एक वरष्ठि सदस्य ने कहा है कि प्राथमिकता सबसे पहले वयस्क टीकाकरण कार्यक्रम को पूरा करने की होगी।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

### ताइवान के आसमान पर चीन ने उड़ाए परणामु बम गिराने वाले विमान, बढ़ा तनाव

**नईदिल्ली।** ताइवान और चीन के बीच तनाव गहराते जा रहे हैं। ताइवान रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीन के दो परमाणु बम गिराने वाले विमानों ने रविवार को दक्षिण में उड़ान भरी। उधर, लिथुआनिया की ओर से ताइवान को अपने देश में दफ्तर खोलने की इजाजत देने से चीन तिलमिला गया है। चीन ने रविवार को बड़ा फैसला लेते हुए लिथुआनिया से अपने राजनैतिक संबंध राजदूत स्तर से नीचे कर दिए। चीन और ताइवान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अपना अभिन्न हिस्सा बताते हुए चीन ताइवान को मिलाने की कोशिश में है। हालांकि ताइवान खुद को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर चुका है। रविवार को ताइवान रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि दो ल्र-6२ ने बाशी चैनल में उड़ान भरी। ये दोनों परमाणु बम गिराने वाले चीन के घातक विमान हैं। इससे पहले भी चीन कई दफे शक्ति प्रदर्शन और ताइवान को डराने की नीयत से लड़ाकू विमान ताइवान के आसमान पर उड़ा चुका है।

# मेरा आधा दिल भारत में है, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव ने सुनाए दिलचस्प किस्से

**नईदिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की मून की पहली राजनयिक तैनाती भारत में हुई थी और देश के साथ उनका ऐसा खास संबंध स्थापित हो गया कि 50 साल बाद भी उनका आधा 'दिल भारत में बसता है।' बान ने अपनी आत्मकथा में यह भी उल्लेख किया है कि भारत में उनका तीन साल का कार्यकाल उनके जीवन का बेहद रोमांचक समय था। हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित 'रिजाल्व्डः यूनाइटिंग नेशंस इन ए डिवाइडेड वर्ल्ड' में बान ने बताया है कि कैसे वह 'युद्ध के बच्चे' से 'शांति के दूत' बन गए। संयुक्त राष्ट्र के अस्तित्व में आने से ठीक एक साल पहले 1944 में जन्मे बान की मून की सबसे पुरानी यादें उनके कोरियाई गांव पर बम गिरने की आवाज और शेष चीजों के आग की लपटों में खाक होने से जुड़ी हैं। भारत में अपने कार्यकाल के दिनों के बारे में बान ने लिखा है, 'भारत में मेरी पहली राजनयिक तैनाती थी और सून-ताक (पत्नी) तथा मैं अक्टूबर 1972 में दिल्ली पहुंचे। मैंने वहां लगभग तीन वर्षों तक सेवा की, पहले कोरियाई महावाणिज्य दूतावास के उप-महावाणिज्यदूत के रूप में और दिसंबर 1973 में कोरिया तथा भारत के बीच पूर्ण राजनयिक



संबंध स्थापित होने के बाद मैंने कोरियाई दूतावास के द्वितीय सचिव के रूप में कार्य किया।' बान की बेटी सियोन-योंग उस समय सिर्फ आठ महीने की थी और उनके इकलौते बेटे वू-ह्यून का जन्म 30 अक्टूबर 1974 को भारत में हुआ था।

बान ने लिखा है, 'मैं भारतीय लोगों के साथ मजाक करता था कि भारत के साथ मेरी 'बैलेंस शीट' सही है क्योंकि मेरा बेटा भारत में पैदा हुआ और मेरी सबसे छोटी बेटी ह्यून-ही की शादी भारतीय व्यक्ति से हुई। लगभग पचास साल बाद, अब भी मैं भारतीय लोगों को बताता हूं कि मेरा आधा दिल उनके देश में है।' उनका कहना है कि भारत में उनका काम एक युवा राजनयिक के तौर पर चुनौतीपूर्ण लेकिन आकर्षक था। उन्होंने लिखा है कि सबसे प्राथमिक लक्ष्य भारत द्वारा पूर्ण राजनयिक मान्यता प्रदान किए जाने का था। संयुक्त राष्ट्र के शांति, विकास और मानव अधिकारों के मिशन में विश्वास के साथ चुनौतियों और प्रतिरोध का सामना करते हुए बान ने एक अस्थिर अवधि के दौरान संयुक्त राष्ट्र का नेतृत्व किया। उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान 'अरब स्प्रिंग', ईरान और उत्तर कोरिया में परमाणु कार्यक्रमों की शुरूआत, इबोला महामारी तथा मध्य अफ्रीका में संघर्ष का सामना करना पड़ा था।

किताब में बान 2006 में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष पद के लिए अपने चुनाव के बारे में भी बताते हैं, जिसमें भारत के शशि थरूर भी दावेदार थे। बान ने दावा किया, 'उस समय थाईलैंड के उम्मीदवार सुरकीअर्ट सार्थिथी ही मुझे एक वास्तविक प्रतिद्वंद्वी की तरह लगते थे।